# बकटा बुजुर्ग में पेयजल संकट, जिम्मेदार चुप

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बकटा बुजुर्ग में पेयजल की भारी किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं। इनका दर्द है कि पानी की इस जानलेवा दिक्कत पर भी कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा।

विकास खंड पहाड़ी के गांव बकटा बुजुर्ग में बढ़ती गर्मी के साथ ही पेयजल समस्या भी बढ़ती जा रही है। इनका कहना है कि किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। गांव वालों को पानी के लिए एक-एक किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है।

टैंकरों की व्यवस्था न किए जाने से भी दिक्कत बढ़ी है। इन लोगों ने नाराजगी जताई कि चुनाव के समय नेता पानी और सड़क का वादा करके चले जाते हैं और जीतने के बाद इधर का रुख नहीं करते। विजय सिंह ने बताया कि गर्मी में पानी की समस्या अधिक बढ़ गई है। मवेशियों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया कि पहले पानी की समस्या कम थी। गेडुआ नदी में चेकडैम बनने पर नदी के स्रोत बंद हो गए। रमेश कुमार ने बताया कि वह गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर मुस्लिमपुरवा के कुयें से पानी भरने आते हैं। दिन में दो बार आना पड़ता है।




दूरदराज से पानी ले जाते लोग। अमृत विचार



भीषण गर्मी में कुएं का सहारा। अमृत विचार



ग्राम पंचायत अधि. सुशील कुमार।



ग्राम प्रधान स्वतंत्र कुमार।

### हैंडपंप कब्जाया, नहीं भरने देता पानी

मुस्लिमपुरवा में एक ग्रामीण के घर के पास लगे सरकारी हैंडपंप का पानी ठीक है लेकिन चारों तरफ कटीली तार लगाकर उसे कब्जे में कर लिया गया है और किसी को पानी नहीं भरने दिया जाता है। इसे कब्जा मुक्त कराना आवश्यक है। इस संबंध में जब एडीओ पंचायत पहाड़ी कमल सिंह ने कहा कि जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी पहाड़ी दिनेश कुमार से जब इस संबंध में बातचीत की गई उन्होंने तत्काल ग्राम सचिव आशीष कुमार को टैंकर चलाने का निर्देश देते हुए हैंड पंप को कब्जा मुक्त करने और कुए को तत्काल दुरुस्त करने को कहा।

### टंकियों में पानी भराया, हैंडपंप दुरुस्त कराए

उधर, ग्राम प्रधान स्वतंत्र कुमार व सचिव आशीष कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत की कुल आबादी करीब 3500 है। करीब 55 हैंडपंप लगे हैं। बताया कि जिस बस्ती में पानी की ज्यादा समस्या है वहां पर स्थायी रूप से पानी की टंकी रखवा दी गई है व टैंकर के माध्यम से टंकियों में पानी भरवाया जाता है तथा सभी हैंडपंपों की मरम्मत करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में प्रयास है कि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

### हैंडपंपों का पानी खारा

गांव के अब्दुल कलाम, राजा अली, नियामत अली, सुबराती अली, चंद्र कुमार आदि ने बताया कि गांव में ज्यादातर हैंडपंपों का पानी खारा है। गांव में ही कुछ दूर मुस्लिम कुआं है, जिसे पूर्व प्रधान धनुइया देवी ने लगभग दो दशक पहले बनवाया था। इससे मुस्लिमपुरवा, धोबिनपुरवा, अहिरनपुरवा, टिकरीपुरवा और बक्टा बुजुर्ग के लोग निस्तार करते हैं। चाहरदीवारी नीची होने से नहाने के बाद का पानी उसी में चला जाता है। कुयें के चारों ओर कीचड़ है। मजबूरन लोग इसी पानी का उपयोग कर रहे हैं और बीमार पड़ रहे हैं। लोगों की आशंका है कि अगर समस्या का निदान ना हुआ तो संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं।

# ट्रक ने बोलेरो में मारी टक्कर बाल-बाल बच गए लोग

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** बेखौफ और बेरोकटोक दौड़ रहे ट्रकों से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बीती रात दो ट्रकों ने हादसों को अंजाम दिया। एक ने जहां बोलेरो को टक्कर मार दी तो दूसरे ने बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत सिकरी अमान में शनिवार देर रात लगभग एक बजे राजापुर की ओर से ईंटा लेकर मऊ की ओर जा रहा ट्रक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक ने कंपोजिट विद्यालय सिकरी के पास मऊ से राजापुर की ओ जा रही एक बोलेरो को सीधे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो ट्रक में फंस गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। नमामि गंगे के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए की गई सड़क की खोदाई से हुए गड्ढे में ट्रक का पहिया धंस गया, जिससे बोलेरो पर सवार लोग बच गए।

उधर, घटनास्थल के पास रहने वाले सिकरी के ग्रामीणों ने बताया कि तेज आवाज सुनकर जब लोग आए तो चालक भाग गया था। ट्रक में शराब की खाली बोतल रखी मिली थी। ऐसे में लगता है कि चालक नशे में था। उधर उसी के आगे कछुवा पुल अमान के पास बच्ची खंगार के घर के पास एक ट्रक ने बिजली के पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। बच्ची ने बताया कि घर के पास पेड़ न होते तो ट्रक घर में घुस जाता। लोगों का कहना है कि बारा पावर प्लांट जबसे चालू हुआ है तब से राजापुर-मऊ मार्ग पर ट्रकों की आवाजाही बढ़ी है, जबकि यह एकमात्र मार्ग है। लोगों का कहना है कि एक भी ब्रेकर इस मार्ग में नहीं हैं। पहले तो ट्रक आने जाने में रोक लगनी चाहिए और यदि ट्रक निकलना आवश्यक हो तो फिर इस मार्ग को चौड़ा बनवाना चाहिए।



ट्रक में फंसी बोलेरो।

● दूसरे ट्रक ने बिजली का खंभा किया क्षतिग्रस्त

## एक नजर

### मारपीट और रुपये लूटने का लगाया आरोप

**चित्रकूट।** भौरी निवासी ओमप्रकाश सोनी ने रैपुरा थाने में तहरीर देकर युवक पर मारपीट और लूटपाट करने का आरोप लगाया है। ओमप्रकाश ने बताया कि उसकी रैपुरा में जेवरों की दुकान है। 24 मई की सुबह वह तीन अन्य लोगों के साथ नदी नहाने गया था। वहां आरोपी पहुंचा और एक व्यक्ति के साथ गालीगलौज किया। बाद में मारपीट करते हुए रुपये छीन लिए। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### गल्ला चोरी के नामजद आरोपी को दबोचा

**चित्रकूट।** रैपुरा पुलिस ने दो बोरी चोरी का गेहूं बरामद किया है। आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। 24 मई को लवलेश चंद्र निवासी रामपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके गांव के नानबाबू ने अपने कुछ साथियों के साथ मकान की टीन की छत तोड़कर गल्ला चोरी कर लिया है। एसआई रविकांत राय ने नामजद आरोपी को दो बोरी गेहूं के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई नितिश यादव भी शामिल रहे।

### शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने शराब बरामद कर दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। टीम ने ग्राम बराछी में दो महिलाओं से 35 लीटर कच्ची शराब, उपकरण व दो क्विंटल लहन बरामद किया। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय, आबकारी निरीक्षक केके मिश्रा, एसआई विनय विक्रम सिंह, रामकृत यादव और सुमित्रा देवी शामिल रहीं।

### सीओ सिटी ने किया स्ट्रांग रूम का मुआयना

**सीतापुर (चित्रकूट)।** क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल ने ईवीएम के लिए राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। सीओ ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की चेकिंग की व कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा। निर्देशित किया कि किसी भी व्यक्ति/वाहन को अंदर प्रवेश न करने दिया जाए। ड्यूटी के दौरान सावधानी बरतें। इस दौरान चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो सवारों ने क्लीनर को अगवाकर पीटा


## एसओ बोले- हो गया समझौता इसलिए नहीं की कार्रवाई, बोलेरो पर रखे बोर्ड पर लिखा था उत्तर प्रदेश सरकार

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** साइड से निकलने को लेकर हुए विवाद में बोलेरो सवार लोगों ने एक ट्रक क्लीनर को बोलेरो पर जबर्दस्ती बैठा लिया और अपने साथ ले गए। उसकी जमकर पिटाई की और फिर छोड़ दिया। ट्रक चालक ने भागकर थाने में बताया। इसके बाद पुलिस पहुंची। हालांकि एसओ ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया और इसलिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई। बोलेरो में उत्तर प्रदेश सरकार लिखा बोर्ड लगा था।

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर थाना पहाड़ी से लगभग सौ मीटर दूर बिसंडा रोड के पास एक ट्रक को एक बोलेरो सवार लोगों ने साइड से निकलने न देने का आरोप लगाते हुए रोक लिया। बोलेरो के आगे उत्तर प्रदेश सरकार लिखा बोर्ड रखा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो में सवार युवकों ने ट्रक रोकते हुए इसके क्लीनर को बोलेरो में जबर्दस्ती बैठा लिया और कस्बे से दूर ले जाकर जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे वहीं छोड़ गए। उधर, ट्रक चालक अब्दुल रसीद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी प्रतापगढ़ भागकर थाने पहुंचा।

उसने पुलिस को बताया कि वह क्लीनर मोहम्मद शोएब पुत्र सलीम के साथ ट्रक से भरतकूप गिट्टी लेने जा रहे था। बिसंडा रोड के पास बोलेरो से जैसे ही उसने ट्रक आगे बढ़ाया आरोपियों ने ट्रक रुकवाया और क्लीनर को पकड़ कर बोलेरो में बैठा लिया। इसे वे लोग ओबरी गांव की ओर ले गए और जमकर मारापीटा। मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान क्लीनर को लेकर आरोपी भी वहां पहुंच गए तो पुलिस इनको थाने ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो का नंबर चित्रकूट जिले का था और यह किसी विभाग में किराये पर लगी है। यह भी दावा किया गया कि आरोपी शराब के नशे में धुत थे। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे कई सवाल उठ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि वह एक मामले की पड़ताल के सिलसिले में बाहर हैं। ट्रक चालक की सूचना पर तत्काल बोलेरो सवार लोगों को पकड़ लिया गया लेकिन दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया जिससे कानूनी प्रक्रिया नहीं की गई। थाने से महज दो सौ मीटर दूर हुई घटना से लोगों में रोष है।




वह बोलेरो, जिस पर बैठे थे आरोपी।



घटनास्थल पर लगी भीड़।

## सार-संक्षेप

### चोरी की चार भैंसें बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर (चित्रकूट)।** सरधुआ पुलिस ने चोरी की चार भैंसें बरामद की हैं। पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। 21 मई को भदेहदू निवासी लवकुश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी चार भैंसें किसी ने चोरी कर ली हैं। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने मामले के खुलासे की जिम्मेदारी एसआई शिवमणि मिश्रा को दी। एआई मिश्रा ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को विवेचना से प्रकाश में आए आरोपी राकेश सिंह पुत्र स्व. चंद्रभूषण सिंह व रामराज निषाद पुत्र रामआसरे निवासीगण भदेहदू को गिरफ्तार किया और इनसे चारों भैंस बरामद कीं। पुलिस टीम में आरक्षी राहुल पुरी शामिल रहे।



पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी। अमृत विचार


### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपी शुभम उर्फ गोलू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम सुखरामपुर मजरा चुरेह केसरूवा को गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई पवन चौधरी शामिल रहे।

# भीषण गर्मी में परिक्रमा पथ पर की सफाई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा नियमित अभियान के तहत इस रविवार को भी परिक्रमा पथ पर सफाई की गई। समिति के अध्यक्ष और पालिका के ब्रांड एंबेसडर राकेश केशरवानी की अगुवाई में युवाओं ने इस दौरान सुरा गौ से बिरजा कुंड तक अभियान चलाया। भीषण गर्मी के बाद भी युवाओं का जज्बा बरकरार रहा।

अधिशासी अधिकारी लाल जी ने युवाओं को अभियान के लिए सराहा। राकेश ने बताया कि वे लोग एक मुहिम चला रहे हैं और इसकी सफलता लोगों के सहयोग पर निर्भर है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने आशा जताई कि सब मिलकर कामतानाथ पर्वत को कचरा मुक्त बनाएंगे। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने भी लोगों से पर्यावरण को बचाने की अपील की। जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, कृष्णा शुक्ला, वन विभाग से रसूल बख्श व नगर पालिका की टीम ने सफाई में सहयोग किया।



परिक्रमा पथ की सफाई करते युवा। अमृत विचार



इस तरह भरा है सड़क पर पानी। अमृत विचार



टुल्लू पंप लगाकर निकाल रहे गंदा पानी।



बजबजाती नालियां। अमृत विचार

# घरों में घुस रहा गंदा पानी, टुल्लू से निकाल रहे लोग

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** कस्बे की नालियों की सफाई न होने से घरों में गंदा पानी घुस रहा है। इससे संक्रामक बीमारियों की आशंका है। नालियों की सफाई न होने से घरों में पानी घुसने पर टुल्लू पंप से निकाला जा रहा है लोगों में रोष व्याप्त हो रहा है। इनका कहना है कि अगर सुनवाई न हुई तो वे लोग जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत करेंगे।

कस्बे में सड़कों के किनारे नालियां ध्वस्त होती जा रही हैं। गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से यह सड़कों पर बह रहा है। इससे लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। कर्वी- पहाड़ी- राजापुर मार्ग पर एक मोटरसाइकिल एजेंसी के सामने की सड़क पर भरा पानी आनेजाने वालों के लिए दिक्कत का सबब बना है। लोगों की शिकायत है कि इस संबंध में जिम्मेदारों से बताने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। आयेदिन लोग चुटहिल हो रहे हैं। बिसंडा रोड के पास रहने वालों का कहना है कि नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी घरों में घुस रहा है और सड़क पर बह रहा है। बिसंडा रोड में चौराहे से माता प्रसाद पांडेय के घर तक नाली का निर्माण बहुत पहले कराया गया था लेकिन सफाई कर्मियों की काम न करने की आदत से समय-समय पर सफाई नहीं हुई। नालियों की सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी है। पवन पाठक अजय द्विवेदी, सुरेश भारद्वाज, मातादीन साहू, डा. पांडेय, श्रवण गुप्ता, छेदू आदि ने बताया कि कई बार खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी को पत्र दिया पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने मांग की है कि नालियों की सफाई कराई जाए।

● लंबे अरसे से नालियों की सफाई नहीं की गई

धर्म-अध्यात्म

## पिपलेश्वर महाराज के प्रांगण में कथा ज्ञान यज्ञ, 108 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# शिव महापुराण कथा सुनने से मिलती है संतापों से मुक्ति

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ से लगभग तीन किमी दूर रगौली मोड़ स्थित सिद्धाश्रम खोहरा बाबा पिपलेश्वर महाराज के प्रांगण में रविवार से शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा के पूर्व 108 महिलाओं ने पीतांबर वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। इस दौरान माहौल भक्तिमय हो गया। कथावाचक ने पहले दिन की कथा में शिव महापुराण का महात्म्य बताया। कहा कि इसके एक श्लोक को पूरी श्रद्धा से श्रवण करने मात्र से संतापों से मुक्ति मिल जाती है।

कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन आचार्य उमाकांत शुक्ला शास्त्री तथा आचार्यों ने मुख्य जजमान डा. जयनारायण द्विवेदी और उनकी पत्नी मनीषा से पूजा अर्चना करवाई। 108 महिलाओं ने पीतांबर वस्त्र धारण कर रखे थे। इस दौरान डीजे, ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। पांडाल से कलश यात्रा लेकर महिलाएं और अन्य श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा शंख ध्वनि के साथ प्रारंभ की। लगभग तीन किमी पैदल चलकर ये लोग रगौली यमुना घाट पहुंचे, जहां यमुना नदी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए पुनः कथा पांडाल पहुंची, जहां कलशों को वेदियों के पास स्थापित किया गया। कथावाचक उमाशंकर मणि त्रिपाठी यहां प्रतिदिन शाम चार बजे से सात बजे तक कथा सुनाएंगे। डॉ. द्विवेदी ने लोगों से अनुरोध किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में कथास्थल पहुंचें और यज्ञ को सफल बनाएं। आयोजन में सुनील तिवारी, सचिन, रजन तिवारी, सौरभ मिश्रा, गजेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, बालकरण द्विवेदी, रामबाबू यादव, सुरेश विश्वकर्मा, राजू शुक्ला, अयोध्या प्रसाद शुक्ला, जय नारायण तिवारी, लक्ष्मी देवी, आयुषी देवी, आदिति द्विवेदी, नंदा देवी का सहयोग रहा।



गांव में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार



कथा के पूर्व पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### कथा सुनने से देवराज ब्राह्मण को मिला था मोक्ष

कथावाचक ने शिवा महात्मा की कथा कही। बताया कि शिव महापुराण में 24000 श्लोक हैं। एक श्लोक के श्रवण मात्र से व्यक्ति 84 लाख योनियों से मुक्ति पा लेता है। बताया कि देवराज ब्राह्मण अत्याचारी था पर उसने शिव महापुराण को सुनकर मोक्ष प्राप्त कर लिया था। इसी प्रकार विदूक ब्राह्मण दुराचारी था। उसकी पतिव्रता पत्नी चंचला को भी शिव महापुराण के एक श्लोक सुनने मात्र से मोक्ष प्राप्त हो गया।

# नौतपा का दिखने लगा रौद्र रूप दूसरे दिन 45 डिग्री पहुंचा पारा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। सूर्य देवता की किरणें पूरे चरम पर हैं। तीर्थक्षेत्र में नौतपा का असर है। श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। रविवार को भी पारा 45 डिग्री के आसपास घूमता रहा।

तीर्थक्षेत्र में गर्मी का असर नजर आने लगा है। लोग अनुमान लगा रहे हैं कि अगर गर्मी का यही हाल रहा तो पारा 50 डिग्री तक पहुंच जाएगा। तपन में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग और रामघाट, बरहा के हनुमान जी मंदिर आदि में सन्नाटा पसरा है। नियमित परिक्रमा करने वाले भी सुबह सात बजे तक परिक्रमा पूरी कर लेते हैं। इसके बाद पत्थरों में तपन होने से पैदल चलना दूभर हो जाता है। शनिवार से रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश के साथ ही नौतपा की शुरुआत हो गई। माना जाता है कि नौतपा के नौ दिन तक गर्मी सबसे ज्यादा होती है। रविवार को चित्रकूट जिले का तापमान 45 डिग्री के आसपास रहा। नौतपा दो जून तक चलेगा। इसकी वजह से दोपहर में तीर्थक्षेत्र के धार्मिक स्थल और गलिया सूनी हो जाती हैं। हालांकि नौतपा में पड़ने वाली गर्मी को बारिश के लिए अच्छा संकेत माना जाता है। तेज धूप से दिन में बाहर निकलना दूभर हो गया है। रात में बिजली की कटौती से लोगो की नींद हराम हो रही है। चिकित्सकों ने गर्मी से बचाव के लिए लोगों को शरीर ढंककर बाहर निकलने की सलाह दी है। साथ ही बताया है कि तौलिया, गमछा व छाता आदि लेकर ही निकलें।



नौतपा का असर, तीर्थक्षेत्र में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

● तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की संख्या में आई गिरावट

# आसमान से बरसी आग, गर्मी ने तोड़ दिया 12 साल का रिकॉर्ड

## सड़कों पर कर्फ्यू जैसा रहा नजारा, एक डिग्री चढ़कर दिन का पारा पहुंचा 48 डिग्री सेल्सियस



धूप से बचने को चेहरा ढक कर निकलती युवतियां। अमृत विचार



भीषण गर्मी के बीच सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार** । उफ! यह गर्मी, लोगों के मुंह से यही शब्द निकल रहे हैं। नौतपा के दूसरे दिन भी तेज धूप के साथ चिलचिलाती धूप का कहर जारी रहा। दोपहर में तो आसमान से आग बरस रही है। सूरज चढ़ते ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा रहता है। मई महीने की गर्मी ने बीते 12 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले चौबीस घंटे में जिले में अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़कर 48 पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक इससे पहले 13 मई 2012 को मई के महीने में सबसे अधिक तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए अलर्ट जारी किया है।

भीषण गर्मी ने हाल-बेहाल कर रखा है। मई माह के अंतिम सप्ताह की तपती गर्मी लोगों का पसीना निकाल रही है। सुबह से ही गर्मी शुरू हो जाती है। दस बजे के बाद तो गर्म हवाएं चलने लगती हैं। हालात यह हैं कि दिन चढ़ते ही यहां सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है और लोग बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते हैं। दिन में सूरज की तपिश लोगों पर कहर बरपाती है तो शाम होते ही उमस भरी गर्मी लोगों को बेहाल कर देती है। मौसम के तीखे तेवर के चलते यहां सैकड़ों लोग हीट स्ट्रोक का शिकार होकर अलग-अलग अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे है। अस्पतालों की ओपीडी मरीजों की भीड़ से भरी पडी हुई है। मौसम के जानकारों के मुताबिक बुंदेलखंड के लोगों को फिलहाल बेहाल कर देने वाली इस गर्मी से निजात नहीं मिलनी वाली है। जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है और अगले एक हफ्ते में ही यह पचास डिग्री के आंकड़े को भी छू सकता है। जिले के लोगों को कहना है कि इतनी गर्मी उन्होंने इससे पहले कभी नहीं झेली है। मई महीने की गर्मी ने बीते 12 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले चौबीस घंटे में जिले में अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़कर 48 पर पहुंच गया। इससे पहले 13 मई 2012 को मई के महीने में सबसे अधिक तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। लोग अब ईश्वर से इस रिकार्ड तोड़ गर्मी से जल्द निजात दिलाने की प्रार्थना कर रहे हैं। वैसे लगातार पड़ रही गर्मी से इस बार मानसून के तय वक्त पर आने और अच्छी बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### बिजली कटौती ने लोगों को किया बेहाल

- भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी व तेज धूप के कारण पूरा जिला भट्टी की तरह तप रहा हैं। सूर्योदय के साथ शुरू हो रहा तपन का असर रात को भी महसूस होने लगा है। वहीं शहर और ग्रामीण इलाकों में इस पर बार-बार हो रही बिजली कटौती लोगों को बेहाल कर रही है। भीषण तपन की वजह से पावर कारपोरेशन की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम होती नजर आ रही है। शहरी क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन से ज्यादा फीडरों में बिजली की आवाजाही बरकरार रही। शहर के स्वराज कालोनी, इंदिरा नगर, सिविल लाइन, शास्त्री नगर, आवास विकास, छोटी बाजार, बन्योटा, चैक बाजार, स्टेशन रोड, बाबूलाल चैराहा, खुटला, मर्दन नाका समेत लगभग सभी मोहल्लों में एक घंटा से लेकर पूरी रात बिजली गुल रही। हालांकि पावर कारपोरेशन अधिकारी भरसक बिजली आपूर्ति के प्रयास में जुटा रहा।

## पारिवारिक तनाव में किसान ने दी थी जान

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के छिरहुटा गांव निवासी किसान रामकुमार कुशवाहा (60) पुत्र रामसेवक द्वारा जमीन पर कब्जा न मिलने से परेशान होकर आत्महत्या किए जाने के मामले में प्रशासन ने दोटूक इनकार किया है। एसडीएम ने अपनी जांच में किसान द्वारा पारिवारिक तनाव के चलते खुदकुशी करने की बात बताई है। पैलानी एसडीएम ने बताया है कि जमीन पर कब्जा होने के चलते किसान द्वारा जान दिए जाने से संबंधित प्रकरण की कराई गई जांच में मृतक की पत्नी लक्ष्मीनिया ने सहमति से पांच बिस्वा भूमि इंदी पत्नी सिरोही कुशवाहा को बेची थी। यह भूमि गांव के संपर्क मार्ग से जुड़ी है। इस पर सिरोही ने दो फीट अतिरिक्त भूमि मौखिक रूप से खरीद ली। लेकिन मृतक ने अपनी पत्नी लक्ष्मीनिया से सहमति नहीं ली। सिरोही का कहना है कि उसने इस जमीन खरीदने को 25000 रुपए दिए थे। मृतक द्वारा बगैर सहमति के दो फिट जमीन दिए जाने से परिवार में तनाव था।

# नईम बनाए गए राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख संगठन महासचिव

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**



नईम को माला पहना कर सम्मानित करते वीरेंद्र साक्षी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव निपटने के बाद जिले में काफी लंबे समय बाद राष्ट्रीय लोकदल की बासी कढ़ी में उबाल आ गया। पार्टी के बुंदेलखंड अध्यक्ष ने जिला इकाई पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सक्रिय कार्यकर्ताओं को मनोनीत किया। मनोनीत पदाधिकारियों का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए उन्हें फूल-माला पहनाया।

शहर के कटरा में रविवार को राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में जिला इकाई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। पार्टी के बुंदेलखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साक्षी व जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने संयुक्त रूप से बैठक करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन किया। वरिष्ठ नेता नईम को प्रमुख संगठन महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि अमित सैनी उर्फ राजू को जिला सचिव नियुक्त किए गए।

- **नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत**

शिव बहादुर सिंह, अमित गुप्ता, रिंकू जिला सचिव और पुनीत गुप्ता नगर महासचिव तथा पंकज लखपति को व्यापार सभा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। बुंदेलखंड अध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चौधरी चरण सिंह, चौधरी अजीत सिंह द्वारा किसान हित में किए गए कार्य को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह की अगुवाई में पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कमलेश सेन, जिला महासचिव अमित गुप्ता मनीष, युवा जिलाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष राशिद अली, संतोष सोनकर, सुनील राजपूत, मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुलदीप का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार।** समाजसेवी व आरटीआई एक्टविस्ट ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। प्राकृतिक चिकित्सा खोज करते हुए उन्होंने अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया। संस्था ने आईबीआर एचीवर का सम्मान देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

- **समाजसेवी ने प्राकृतिक चिकित्सा में बनाया रिकॉर्ड**

शहर के आवास विकास निवासी आरटीआई एक्टविस्ट व समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपना नाम देश की प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराते हुए जिले के नाम रोशन किया है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए प्राकृतिक चिकित्सा खोज निकाली है। इस खोज को 25 अप्रैल को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने कन्फर्म करते हुए उनका नाम दर्ज कर लिया। संस्था ने समाजसेवी को आईबीआर एचीवर रिकार्ड प्राप्त करने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। शुक्ल का कहना है कि उनका अगला लक्ष्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने का है। गौततलब है कि आरटीआई एक्टविस्ट अब तक तमाम संस्थाओं में पुरस्कार जीत चुके हैं। हाल ही में नगर पालिका परिषद ने उन्हें स्वच्छता अभियान का ब्रांड एबेंसडर नियुक्त किया है। उनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है।



कुलदीप शुक्ला। अमृत विचार

# शिविर में एक दर्जन बच्चों की हुई जांच

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**



फीता काटकर शिविर की शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हेल्पिंग दी मैनकाइंड फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित शिविर में एम्स (दिल्ली) के वरिष्ठ बाल्य रोग विशेषज्ञ ने एक दर्जन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार की सलाह दी। इस मौके पर फाउंडेशन ने स्वास्थ्य क्लीनिक का उद्‌घाटन हुआ। रविवार को रब्बानिया स्कूल के पास स्वास्थ्य क्लिनिक का उद्‌घाटन एम्स के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा.एस. गोपाल हेल्पिंग दी मैनकाइंड फाउंडेशन और रोटी बैंक सोसाइटी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में एक दर्जन से अधिक बच्चों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवाएं दी गईं। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि हेल्पिंग दी मैनकाइंड फाउंडेशन से प्रभावित होकर गरीब बच्चों की सहायता का बीड़ा उठाया है। 15 जून तक सभी ओपीडी मरीजों का इलाज निरूशुल्क किया जाएगा।

इस मौके पर हेल्पिंग दी मैनकाइंड संस्था अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान, रोटी बैंक अध्यक्ष रिजवान अली, सुनील सक्सेना, अनस उल्लाह खान, मोहम्मद फरहान, जावेद खान, उमर अली, गफ्फार खान, आसिफ मसूदी, शेख रिजवान, इरफान खान, शाहान अली, अलीमुद्दीन, हसीब अली, इमरान, फुरकान, प्रणव गुप्ता, मोहित सिंह, मनोज सिंह, शुभम धुरिया, आर्जव गुप्ता, आशीष गुप्ता, यासीन, राघव गुप्ता, समीर कुरैशी, हनी आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभावान पांच नेशनल खिलाड़ी किए गए सम्मानित

**बांदा।** सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में कबड्डी के नेशनल पांच प्रतिभवान खिलाड़ियों को समारोह के बीच प्रोत्साहन राशि व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभवान खिलाड़ियों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया।

यूपी कबड्डी एसोसिएशन जिला सचिव कमल सिंह यादव ने बताया कि प्रतिभवान कबड्डी खिलाड़ी प्रियंका यादव, जिया खान, अलशिफा मंसूरी, खुशबू प्रजापति, शुभम सिंह को महेंद्र कुमार सोनी ने फूल माला, अंग वस्त्र व मिठाई तथा प्रोत्साहन राशि देकर हौसला बढ़ाया।

इस मौके पर राजा, धनी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# आंदोलन में जान गंवाने वाले व्यापारियों को दी श्रद्धांजलि

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**



शहीद व्यापारियों को श्रद्धांजलि देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से व्यापारी शहीद दिवस मनाते हुए आंदोलन में जान गंवाने वाले व्यापारियों को याद किया। कैंडल जलाकर शहीद व्यापारियों को पुष्पांजलि अर्पित की। संकल्प लिया कि सरकार द्वारा व्यापारियों के विरोध में जो कानून बनेंगे उसका विरोध किया जाएगा।

शहर के न्यू मार्केट स्थित होटल में रविवार को व्यापारी हितों की रक्षा में जान गंवाने वाले व्यापारियों को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष अमित सेठ भोलू ने कहा कि व्यापार मंडल का गठन पं.श्याम बिहारी मिश्रा द्वारा बड़े ही संघर्ष के बल पर किया था। सरकार द्वारा वैट जैसा काला कानून जब व्यापारियों के ऊपर सौंपा गया था। तब पं.श्याम बिहारी मिश्रा के नेतृत्व में हर जगह आंदोलन हुए थे। आंदोलन में 14 व्यापारियों हरीश चंद्र अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, नित्यानंद कौशिक, अशोक कुमार खंडेलवाल, शिव सिंह, लवकेश ओमर, मुन्ने मियां, आलोक राय, कमल जैन, रमेश बिंदल, अजय गुप्ता, अमित गुप्ता, राकेश पवार, गोपाल पोद्दार ने जान गंवाई थी।वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार राज ने बताया की उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि हम सब मिलकर सरकार द्वारा व्यापारियों के विरोध में जो कानून बनेंगे उसका विरोध किया जाएगा। देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर मनोज जैन, मयंक गुप्ता सर्राफ, सुरेश गुप्ता कान्हा, सुनील सक्सेना, उमेश गुप्ता दया, मनीष गुप्ता, अमित, नईम नेता, स्वरूपचंद जैन, राकेश गुप्ता दद्दू, पंकज रावत, आशीष गुप्ता, देवेश ओमर, कुलदीप नामदेव, सुनील दीक्षित, अशोक गुप्ता, भुनेंद्र रावत, पारस गुप्ता, बिहारी साहू आदि रहे।

- **व्यापारियों के विरोध में बनने वाले कानूनों का होगा विरोध**

उधर, जिला उद्योग व्यापार मंडल ने कैथी बाजार स्थित जिला कार्यालय में व्यापारी शहीद दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ की अगुवाई में व्यापारियों ने श्रद्धांजलि देकर शहीद व्यापारियों को याद किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संतोष गुप्त अनशनकारी, शिवपूजन गुप्ता, कमलेश गुप्ता, राजू गुप्ता, राकेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी ने जहर खा जान दी

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के निम्नीपार निवासी पूर्णिमा (15) पुत्री बुद्धविलास ने शनिवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भ्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजनो ने पहले उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। सुधार न होने पर परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे। तभ्ी रास्ते में पूर्णिमा ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने बताया कि पूर्णिमा काफी दिनों से बीमार थी। इलाज भी कराया गया। इसी से परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खा कर खुदकुशी कर लिया।

## ट्रेन से अधेड़ घायल

**नरैनी।** कस्बा के राममिलन (52) पुत्र चुन्नीलाल किसी काम से बांदा आया था। रविवार की भ्ेर वह लोहिया पुल की तरफ पैदल जा रहा था। तभ्ी ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसका हाथ काट गया। जिससे वह गंभ्ीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे लोगो ने देखा तो 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ईएमटी सुरजीत और चालक प्रद्युमन ने उसे उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# छात्र को हाकी व रॉड से पीटा, भर्ती

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार।** कोचिंग पढ़ कर साथी दोस्तों के साथ बाइक में बैठकर घर जा रहे छात्र पर हाकी लोहे की राड से हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी।

शहर के गायत्री नगर निवासी आयुष (17) पुत्र रामदेव शनिवार को अपने साथी प्राजंल चैरसिया निवासी कालूकुआ के साथ बाइक में बैठकर जीआईसी के समीप कोचिंग पढने आया था। कोचिंग सेंटर के बाहर बाइक खड़ी करने को लेकर प्राजंल का एक छात्र से विवाद हो गया। शाम को प्राजंल,आयुष, और एक अन्य छात्र तीनो लोग बाइक में बैठकर घर जा रहे थे। तभ्ी जीआईसी इंटर कालेज के समीप एक दर्जन छात्रों ने लोहे की राड़ और हाकी से आयुष के ऊपर हमला कर दिया। आयुष बाइक से नीचे उतर गया। प्राजंल और एक अन्य छात्र जान बचाकर भग खड़े हुए। सभ्ी लोगो ने आयुष को मारपीट कर बेदम कर दिया। वहां से गुजर रहे राहगीरो के आने पर हमलावर मौके से भग निकले। कुछ देर के बाद मौके पर पहुंचे साथी छात्रो ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भ्ती कराया। सूचना पाकर परिजन भ्ी अस्पताल पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी की शिकायत पर पति सहित सात पर रिपोर्ट

**नरैनी।** एक विवाहिता को दहेज कम देने से खुन्नस खाये ससुराली जनों ने महिला के साथ मारपीट कर शारीरिक व मानसिक तौर पर प्रताड़ित कर मायके में छोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली में पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है। कस्बा के मोहल्ला देविन नगर निवासिनी माधुरी पुत्री सच्चिदानंद की शादी सन् 2019 में पुष्पराज पुत्र कौशल त्रिपाठी निवासी संजय नगर अतर्रा के साथ हुई थी। पिता ने दहेज में दस लाख रुपया और गृहस्थी का अन्य सामान दिया था। इसके बाद भी पति सहित ससुरालीजन दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देने लगे। वह दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे माग पूरी न किए जाने पर धमकी देते और मारपीट करने लगे। माधुरी ने आपबीती अपने पिता को बताई तो उन्होंने सन् 2021 में 2 लाख रुपए पति को सभी ससुरलीजनो के सामने दिया और कहा कि मेरी चार पहिया गाड़ी देने की हैसियत नही है। कुछ दिन तो ठीक रहा इसके बाद मेरे पति व ससुराल वाले मुझे फिर से गाड़ी लाने के लिए दबाव बनाने लगे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर पति पुष्पराज ,सास साधना देवी, देवर शैलेंद्र , देवरानी रोशनी, देवर अंकित , देवरानी शालानी , ननद आकांक्षा के विरुद्ध दहेज अधिनियम सहित मामला दर्ज किया गया है।

### गले में माठ का टुकड़ा फंसने से बच्ची की मौत

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मुंगौरा गांव निवासी जयपाल की दो साल की पुत्री शिखा ने घर में माठ ( खाझा) के टुकड़े खा रही थी। अचानक वह रोने और खांसने लगी यह देख घर के काम में लगी इसकी मां रन्नो बाई बेटी के पास पहुची। स्थिति को समझ परिजन तत्काल निजी वाहन से कस्बा के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए ले गए लेकिन चिकित्सक ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौती संतान की आकस्मिक मौत से उसकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आग से किशोरी समेत दो झुलसे

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के अजीत पारा गांव निवासी पूजा ( 16) पुत्री रामबहादुर रविवार की दोपहर खाना बना रही थी। तभ्ी अचानक मिर्गी का दौरा पड़ जाने से वह गिर पड़ी जिससे उसके कपड़ो में आग लग गई। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसकी आग बुझाई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य घटना में अतर्रा थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी लक्ष्मी ( 27) पत्नी विनय कुमार रविवार की दोपहर गैस से खाना बना रही थी। तभी उसके कपड़ों में आग लग गई। वह चीखती हुई बाहर भागी। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसकी आग बुझाई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### तीन ने जहर खाया

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के मोहन पुरवा निवासी सरिता ( 46) पत्नी सुरेश ने शनिवार की घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। मटौंध कस्बा निवासी बासुदेव ( 60) पुत्र शिवालय ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। बिसंडा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी आफरीन ( 23) पुत्री नईमुददीन को मां ने काम काज न करने पर डाट दिया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। तीनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**चुनावी कसरत** | स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

# एआरओ तथा तहसीलदार की निगरानी में लाई जाएं ईवीएम

**कार्यालय संवाददाता,बांदा**



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम, एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से शहर की कृषि उत्पादन मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था परखी। सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता बनाए रखते हुए कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

डीएम ने मतगणना पंडाल तैयार किए जाने को लेकर लोक निर्माण विभाग अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए समय से सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि मतगणना दिवस पर स्ट्रांग रूम व कॉरिडोर से ईवीएम मतगणना पंडाल तक ले जाने का कार्य संबंधित एआरओ तथा तहसीलदार की देखरेख में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा।

- **पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को मतगणना की तैयारी में जुटने के निर्देश**

जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी अंकुर अग्रवाल ने रविवार को संयुक्त रूप से मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी तिंदवारी, बबेरू, नरैनी व बांदा विधानसभाओं की ईवीएम की सुरक्षा को देखा। मंडी परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए रिकॉर्डिंग देखी। चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर डीएम ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए समय से पंडाल समेत अन्य सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना पंडाल के बाहर बैरिकेटिंग, बैरियर, पेयजल, वाहनों की पार्किंग आदि की व्यवस्था कराए जाने को कहा। नगर पालिका द्वारा बड़े डस्टबिन तथा मोबाइल शौचालय भी लगाने के निर्देश दिए। गर्मी के देखते हुए मतगणना स्थल पर पर्याप्त कूलर और पंखों की व्यवस्था कराने को कहा। बताया कि प्रत्येक विधानसभा में मतगणना के लिए 14 टेबिल लगाई जाएं। मतगणना कार्मिकों के साथ माइक्रोआब्जर्वर की भी ड्यूटी लगाई जाए। इसके साथ ही विधानसभा वार अलग-अलग रिजर्व कर्मचारी भी मतगणना कार्य के लिए ड्यूटी में लगाए जाएं। कहा कि मतगणना दिवस पर स्ट्रांग रूम व कॉरिडोर से ईवीएम मशीन मतगणना पंडाल तक ले जाने का कार्य संबंधित एआरओ व तहसीलदार और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा।

### प्रत्याशी व एजेंट नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल फोन

- एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि चार जून को होने वाली मतगणना के लिए पुलिस प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी है। बताया कि जनता द्वारा चुना गया कोई भी जनप्रतिनिधि मतगणना एजेंट नहीं बन सकेगा। उनका मतगणना स्थल के भीतर मोबाइल फोन ले जाना मना होगा। इसके अलावा मतगणना स्थल के बाहर कोई भी नारेबाजी नहीं होगी। नियमों के उल्लंघन पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोई भी प्रत्याशी व एजेंट अपने साथ मोबाइल फोन, कैलकुलेटर अथवा कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मतगणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों से कहा कि वह अपनी ड्यूटी के प्रति ईमानदार रहें। पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। कोई भी बाहरी व्यक्ति स्ट्रांग रूम के आसपास नहीं दिख जाना चाहिए।

# नौतपा की गर्मी से तप उठा समूचा जनपद

## लू के थपेड़ों और आसमान से निकल रही आग ने लोगों को घरों में किया कैद, हीटस्ट्रोक के खतरे बढ़े

**पारा @ 46.5 डिग्री**

कार्यालय संवाददाता, महोबा



गर्मी और लू के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में नौतपा लगने के बाद जिला पूरी तरह से तप रहा है। घरों की दीवारे, टेबिल कुसी आग की तरह जल रहीं हैं। भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग के चलते तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, जिसके चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवाएं आग में घी डालने का काम कर रही है, जिसके चलते सड़कों पर सुबह ग्यारह बजे से दिन में तीन बजे तक सन्नाटा छा जाता है। इक्का दुक्का लोग लू और तेज धूप के डर से निकलते हैं।

इस साल गर्मी ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। माह मई के अंतिम सप्ताह में 46.5 तापमान पहुंच जाने से दो मंजिला और तीन मंजिला मकान में रहने वालों को चैन नहीं मिल रहा है। पंखे कूलर गर्म हवाए फेंक रहा है। बिजली की अधिक खपत बढ़ जाने के कारण ओरवलोड के चलते एक एक घंटे के अंदर बत्ती गुल होने से एसपी का मजा भी किरकिरा हो गया है। जबकि मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों का कूलर और पंखे न चलने से बुरा हाल है। जैसे जैसे तापमान बढ़ रहा है वैसे वैसे बिजली की कटौती बढ़ती जा रही है, जिसके चलते लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है।

रविवार को नौतपे का पूरा पूरा असर दिखाई दिया है। दूसरी मंजिल में रहने वाले लोगों के कूलर गर्म हवाए देते नजर आए। वहीं बिजली समस्या से लोगो का बुरा हाल रहा। बिजली न आने से छोटे छोटे बच्चे बिलखते दिखाई दिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 24 घंटे में दस घंटे बिजली आपूर्ति ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन में लू के थपेड़ों और तपन के चलते लोगों घरों से नहीं निकल सके। शाम छह बजे के बाद शहर में कुछ चलह पहल नजर आई, लेकिन लू का असर शाम सात बजे तक रहा। आवश्यक कार्य से जाने के लिए लोग सिर पर अगौंछा व कैप लगाकर निकल रहे हैं।

### लू के चलते बदल गया कोचिंग का समय

भीषण गर्मी और आग उगल रही सूरज की किरणों के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त होता जा रहा है। कोचिंग जाने वाले छात्र छात्राओं ने भी अब गर्मी के मौसम में शाम को छह बजे के बाद कोचिंग का समय बदलवा लिया है। उधर सुबह दस बजे तक ही कोचिंग चल रही है। शाम छह बजे कोचिंग जाने वाली छात्राएं सिर को पूरी तरह से ढक कर निकल रही है। वहीं छात्र भी कोई सिर पर कैप तो कोई तौलिया बांधकर आते जाते हैं।

भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। ऐसी स्थिति में वेब हीट से बचने के लिए एहतियात बरतना जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। तापमान दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे गर्मी भी पूरे शबाब पर पहुंच गई है। गर्मी से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पीएं। तरबूज का सेवन करें, और धूप में बिल्कुल न निकलें। अति आवश्यक कार्य पड़ने पर सिर पर अंगौछा और तौलिया बांधकर ही निकले। सर्दी में अधिक ठंड पड़ने और गर्मी में अधिक गर्मी पड़ना जलवायु परिवर्तन का असर है। नौतपा में सूरज आग उगल रहा है। इससे मानसून बनेगा लेकिन हम सभी को पड़ रही गर्मी से बचने की जरूरत है।

**डॉ. रामसेवक चौरसिया, पूर्व वैज्ञानिक पान अनुसंधान केंद्र महोबा**

# बारिश से पहले नालों की सफाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा



नाला की सफाई करते सफाई कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पालिका प्रशासन द्वारा बारिश से पहले जल निकासी के लिए शहर के नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया गया। नाला सफाई अभियान के लिए करीब आधा सैकड़ा सफाई कर्मचारियों को लगाया गया, जो तेज धूप और 46.5 डिग्री तापमान के बीच खुले आसमान के नीचे सफाई अभियान मे जुटे हुए हैं, जिससे बारिश से पहले नाला सफाई कार्य को कर लिया जाए।

गौरतलब है कि नाले नालियों की अभियान चलाकर सफाई न कराए जाने से बारिश में नाले चोक हो जाने के कारण घरों और दुकानों में पानी भर जाता है, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ता है। इसे देखते हुए पालिका प्रशासन ने इस साल गर्मी के दिनों में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को लगाकर एक एक नाले की सफाई का कार्य शुरू करा दिया है। रविवार को दो दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मचारियों को लगाकर लवकुश नगर तिराहे के पास सफाई अभियान शुरू करा दिया गया है। नाले आरसीसी पटरियों से पटे होने के बाद भी पूरी तरह से कीचड़, पालीथिन और गंदगी से भरे पड़े हैं, जिससे सफाई कर्मचारियों को सफाई करने मे भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

- **नाला सफाई के लिए आधा सैकड़ा से ज्यादा सफाई कर्मचारी लगाए गए**

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र की देखरेख में नाला सफाई का कार्य शुरू कराया गया, जिसके चलते अधिकांश नालों की जल्द से जल्द सफाई कराई जा सके, इसके लिए अलग अलग स्थानों पर सफाई कर्मचारियों की टीमों को लगा दिया गया है, जिसके चलते सफाई अभियान युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है।

### कई दिनों तक पड़ा रहता है कीचड़

नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा नालों की सफाई तो कराई जाती है, लेकिन कीचड़ उठाने की कई कई दिन तक सुध नहीं ली जाती, जिसके चलते कीचड़ के ऊपर से वाहन निकलने के कारण पूरी सड़के कीचड़युक्त हो जाती है और कीचड़ सूखने के बाद वाहन निकलते ही आसपास की दुकानों और घरों में कीचड़ की धूल पहुंचने से लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। वहीं सड़क किनारे पड़े कीचड़ से लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# रतन सागर तालाब में बोरी में मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **पुलिस ने शव को निकाल कर शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवाया**

**अमृत विचार।** कुछ दिनों से कस्बा चरखारी के रतन सागर तालाब से बदबू आ रही थी, जिससे राहगीरों का वहां से निकलना दूभर हो गया और कुछ लोगों ने तालाब में जाकर देखा तो एक बोरी पानी में उतरा रही थी, जिससे दुर्गन्ध आ रही थी। लोग पास पहुंचे तो उसमें शव देखकर उनके होश उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरी को तालाब से बाहर निकाला तो उसमें एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को शवगृह में शिनाख्त के लिए रखवा दिया है।

शनिवार की देर शाम चरखारी कस्बे के वार्ड सुहरयांव में स्थित रतन सागर तालाब में एक संदिग्ध बोरी उतराती दिखी जिससे काफी दुर्गन्ध आ रही थी राहगीरों द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष गणेश कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तालाब में उतरा रही बोरी को बाहर निकाला गया और जब बोरी खोल कर देखा गया तो उसमें एक महिला का शव बरामद हुआ।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतका की उम्र लगभग 37 साल है और वह काले कलर की साड़ी और लाल रंग का ब्लाउज पहने थी। दोनो पैरों में पायल एवं गले में काले रंग की माला थी। बताया कि शव गल चुका था और शव की शिनाख्यत नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवा दिया है।

# निर्माणाधीन मकान में कार्य करते समय मजदूर नीचे गिरा

**महोबा।** शहर के मोहल्ला नारूपुरा में निर्माणाधीन मकान में कार्य करते समय एक मजदूर ऊपरी मंजिल से नीचे गिरकर घायल हो गया। कार्य में लगे अन्य मजदूरों द्वारा घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे डाक्टरों ने मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि मोहल्ला नारूपुरा में मकान की तीसरी मंजिल पर निर्माण चल रहा था, तभी थाना कबरई के ग्राम बम्हौरीकाजी निवासी रामरतन (32) मजदूरी करते समय वह नीचे गिर कर बुरी तरह से घायल हो गया। मजदूर के नीचे गिरते ही लोगों में अफरा तफरी मच गई और मकान स्वामी व अन्य मजदूरों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डाक्टरों ने उसे झांसी के लिए रेफर कर दिया।

# जल्द ही डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा लगेगी

संवाददाता, बेलाताल महोबा



आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर की अब जल्द ही प्रतिमा लमौरा मार्ग पर बेलासागर पट्टी के निकट आंबेडकर पार्क में स्थापित की जाएगी। इसके लिए रविवार को आंबेडकर पार्क में भूमि पूजन ग्राम प्रधान जैतपुर की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भूमि पूजन में हिस्सा लिया।

ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार ने बताया कि आंबेडकर पार्क का निर्माण सभी ग्रामीण वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। पार्क में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा और लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है, इसके लिए रविवार को भूमि का पूजन किया गया। बेलासागर तालाब के निकट लगभगर 50 डिसमिल जमीन आंबेडकर पार्क के नाम दर्ज है, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा लगाए जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाए जाने की ग्रामीणों से उनकी इच्छा अनुसार सहयोग लिया जा रहा है।

- **आंबेडकर पार्क में भूमि पूजन के बाद बाबा साहेब के चित्र पर किया माल्यार्पण**

इस मौके पर ग्राम प्रधान जैतपुर ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान लिखकर आज सभी वर्ग के लोगों को जो अधिकार दिए हैं उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम सबको उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। भूमि पूजन दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हें याद किया। इस मौके पर इस अवसर पर हल्लू कुशवाहा, हसमत, अमरचन्द कुशवाहा, रामबाबू अहिरवार, सतीश राजपूत, दिनेश कुमार, अनन्त कुमार निर्मल, ओमप्रकाश कुशवाहा, कामता आदि रहे।

# आरबीएस टीम की पहल से बच्ची को मिली नई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **टीम ने हरियाणा के जिला अस्पताल पलवल में कराया नि:शुल्क ऑपरेशन**



सफल ऑपरेशन के बाद अस्पताल में बच्ची।

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम खैरारी में एक बच्ची के दिल में छेद होने पर आरबीएस की टीम ने बच्ची का पलवल में उपचार कराकर उसे नई जिंदगी दी है, जिससे किसान के घर में खुशियां छा गई हैं। जिला अस्पताल पलवल हरियाणा में चिकित्सकों की टीम ने निःशुल्क सफल आपरेशन किया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी आशाराम के नेतृत्व मे चिकित्साधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर की देखरेख में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के तहत जैतपुर प्रभारी डॉ. आशुतोष सोनी, डॉ. पीएन शर्मा की टीम ने खैरारी गांव मे आंगनबाड़ी केन्द्र पर स्वास्थ परीक्षण किया। जहां पर अरबिन्द की तीन वर्षीय पुत्री अनुराधा के ह्रदय की समस्या पाई गई जिसे टीम ने जिला अस्पताल महोबा भेजा। महोबा से उच्च इकाई पलवल के लिए उसे रेफर कर दिया गया, जहां बच्ची के चेकअप के दौरान दिल मे छेद वाली समस्या पाई गई। बच्ची के अविभावकों को ऑपरेशन की सलाह दी तो वो तैयार हो गये और पलवल मे बच्ची को भर्ती किया और डॉक्टरों ने निःशुल्क सफल ऑपरेशन किया ऑपरेशन के बाद अब बच्ची सकुशल है।

# पांच जुआरी धरे गये, तीन फरार

**महोबा।** थाना चरखारी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर पांच जुआरियों को जुआ खेलते दबोच लिया। पकड़े गए जुआरियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले में जुआं संचालकों और जुआरियों के खिलाफ थाना चरखारी पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना चरखारी एसआई सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गोरखा में बने तालाब के समीप राजेंद सिंह (34), रामदीन (54), मुन्नाबाबू (42), धीरज राजपूत (35) व प्रमोद यादव (20) को सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते पकड़ लिया, जबकि चरन सिंह, दीपू राजपूत व अमर सिंह निवासीगण ग्राम गोरखा पुलिस को चकमा देखकर भाग निकले। जुआरियों के कब्जे से 1220 रुपये भी बरामद किए गए।

# दिनभर ठप रहती है चरखारी की बिजली

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **बिजली तार बदले जाने के कारण सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक होती है कटौती**

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में कस्बा चरखारी में विद्युत तार बदलने का कार्य चल रहा है। बिजली के तार बदलने के कारण सुबह 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। वहीं दूसरी तरफ गर्म तारों को खोलने और बदलने में तेज धूप में बिजली कर्मचारियों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

मालूम हो कि पिछले दो दिनों से नौ तपे चल रहे हैं। जिसके चलते गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच गई है। एक तरफ आसमान से उगल रही आग और दूसरी तरफ बिजली के तार बदलने का काम चलने से बिजली कर्मचारी भी तेज दोपहर में जर्जर तारों को बदलकर इंसुलेटेड बिजली के तार बिछा रहे हैं। जिससे सारा दिन बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। बिजली कटौती के चलते डीजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह ने बिजली विभाग की एसडीओ को पत्र भेज कर नौतपे के दौरान बिजली तार ना बदले जाने की मांग की है। एसडीओ को भेजे गए पत्र में बताया कि नौतापे के समय गर्मी पूरे शबाब पर है। ऐसे में सुबह से शाम तक बिजली कटौती करना ठीक नहीं है। लोग गर्मी से खासा परेशान है इसलिए नौतप के बाद बिजली तार बदले जाएं।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के आवेदन शुरू

**महोबा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, हर्षवर्धन नायक ने बताया कि महोबा जनपद में सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी या अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 वर्ष से अधिक व 18 वर्ष से कम आयु के योग्य अभ्यर्थियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है।

इन पुरस्कारों के लिए आवेदन पीएमआरबीपी की बेव साइड पर 31 जुलाई से पहले ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं और फार्म के सभी आवश्यक दस्तावेजों को भी अपलोड करना अनिवार्य है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह समय पर अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करें ताकि उनके उत्कृष्ट कार्यों का उचित सम्मान हो सके।

# 'हम' की भावना से प्रेरित होकर करना चाहिए कार्य

कार्यालय संवाददाता, महोबा



अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को छतरपुर रोड के एक विद्यालय में कला व साहित्य को समर्पित राष्ट्रीय संस्था संस्कार भारती महोबा इकाई की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में फर्रुखाबाद से आए संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे व विशिष्ठ अतिथि प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुमेंद्र शुक्ला व जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण और दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरूआत की। बैठक में संस्कार भारती द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा समाज को संस्कारित करने के कार्य पर विचार विमर्श किया गया।

संस्कार भारती के महामंत्री ने कहा कि कला व संस्कृति के क्षेत्र में संस्कार भारती द्वारा उद्देश्यपरक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया जा रहा है जिसको समाज में सराहा जा रहा है। कहा कि विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत को हर तरह से कुचलने का प्रयास किया गया लेकिन अपनी सनातन संस्कृति को बचाने के लिए अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी, इसलिए नई पीढ़ी को सही इतिहास की जानकारी दी जाय। कहा कि संस्कार भारती कला और साहित्य की पूरे भारत की अग्रणी संस्था है, इसलिए संगठन में हम की भावना से प्रेरित होकर कार्य करना चाहिए, यहां पर मैं का कोई स्थान नहीं है।

- **संस्कार भारती इकाई महोबा की बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर किया गया विचार**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने कहा कि समय समय पर संस्कार भारती समाज में जन जागरण का पुनीत कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रांतीय लोक विधा संयोजक संगीतार्चा पं. जगप्रसाद तिवारी ने कहा ऐसे कलाकार जो समाज में आगे नहीं आ पा रहे हैं, उन्हें संस्कार भारतीय से जोड़कर उनका मार्ग दर्शन किया जाए।

जिलाध्यक्ष श्याम बिहारी ने कहा कि भविष्य में महोबा की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन करके संगठन को गति प्रदान की जाएगी। इस मौके पर संतोष कुमार पटेरिया, रामप्रकाश पुरवार, सुभाष चौरसिया, संतोष वर्मा, प्रेमचद्र सोनी, प्रदीप दिहुलि सहित तमाम लोगो ने अपने विचार व्यक्त किए।

**अनदेखी** सरोवर में जलकुंभी छा जाने से तेजी से सूख रहा सरोवर का पानी, चंदेलकालीन है कल्याण सागर तालाब

# जलकुंभी व कूड़े से पट गया कल्याण सागर तालाब

कार्यालय संवाददाता महोबा



जलकुंभी व कूड़े से पटा पड़ा कल्याण सागर सरोवर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के चंदेल कालीन कल्याण सागर सरोवर की सालों से साफ सफाई न होने के कारण जलकुंभी से तालाब पटा पड़ा है। तालाब में जलकुंभी छा जाने से सरोवर का पानी तेजी से सूख रहा है। कारण, जलकुंभी पानी का शोषक होने के कारण धीरे धीरे पानी को खत्म कर देता है, जिसके चलते सरोवर के किनारे पानी नाम मात्र का रह जाने के कारण आसपास के लोगों ने सरोवर को कूड़ा घर बना दिया और अपने अपने मकानों, दरवाजों का कूड़ा झाड़कर तालाब में डाल रहे हैं।

गौरतलब है कि बस्ती के बीचो बीच बने कल्याण सागर सरोवर को विकसित न किए जाने और न ही उसकी जलकुंभी हटवाए जाने के कारण सरोवर का पानी कीचड़युक्त हो गया है। इसी सरोवर में आसपास के लोग कूड़ा करकट, पालीथिन और अन्य गंदगी डालने लगे हैं, बावजूद इसके पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते तेजी से सरोवर सिकुड़ता जा रहा है। नतीजतन किसानों को अब इस सरोवर से खेतों की सिंचाई के लिए न तो पानी मिलता है और न ही इस सरोवर को नहाने धोने के लिए लोग इस्तेमाल कर पाते हैं। कारण, सरोवर चारों तरफ से जलकुंभी से पटा पड़ा है।

कल्याण सागर सरोवर पहाड़ों के किनारे होने के कारण हर साल बारिश का पानी अधिक आता था, जिससे यह सरोवर पानी से लबालब रहता था, लेकिन सरोवर के किनारे मार्गों का निर्माण कर दिए जाने और मकान बन जाने के कारण अब पहाड़ों का पानी भी सरोवर में आना बंद हो गया है, जिसके चलते सरोवर में पर्याप्त पानी न आने से यह सरोवर सूखा पड़ा रहता है, जिसके चलते किसानों को सिंचाई के लिए पानी भी नहीं मिल पाता है। अब लोगों ने इस सरोवर को कूड़ाघर बना दिया है।

# आरोग्य मेले में 159 मरीजों की जांची सेहत

संवाददाता कार्यालय, महोबा



आरोग्य मेले में मरीज की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम अजनर, खमा और अकौना में रविवार को मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जैतपुर चिकित्साधीक्षक की देखरेख में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 159 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। आरोग्य मेले की सूचना मिलते ही सुबह से ही ग्रामीणों की तीनों स्वास्थ्य केंद्रों पर भीड़ जुटना शुरू हो गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के चिकित्साधीक्षक के नेतृत्व में ग्राम अजनर, खमा और अकौना के स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर में स्वास्थ्य टीम द्वारा 56 मरीजों का पंजीयन कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसी तरह ग्राम खमा में स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति में 52 मरीजों का उपचार किया गया। जबकि आकौना में 51 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण उपस्थित डाक्टरों द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. हिमांशी सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. जेपी पस्तौर, डॉ. अशुतोष सोनी, डॉ. अभय यादव, फामासिस्ट अविनास कुमार, सोमवती, गीता, सुरेंद्र कुमार, शैलेंद्र, शिल्पी, नीतू आरुण सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

डाक्टरों ने बताया कि नौतपा शुरु हो जाने से लोग धूप से बचे, पानी का अधिक सेवन करें और जरुरी कार्य होने पर ही शरीर क ढककर ही बाहर निकले। बताया कि गर्मी के चलते सबसे ज्यादा मरीज उल्दी, दस्त से पीड़ित आए, जिनका उपचार कर उन्हें मुफ्त दवा वितरण की गई है।

# नौतपा में सूर्य ने दिखाया रौद्ररूप, पारा पहुंचा 46 डिग्री

## सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, जरूरी होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रविवार से शुरू हुए नौतपा के पहले दिन सूर्यदेव ने प्रचंड गर्मी दिखाई। दोपहर करीब तीन बजे पारा 46 पर पहुंच गया। प्रचंड धूप और गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो गया। यहां तक कि तेज धूप और गर्मी के चलते सड़कों पर सारा दिन सन्नाटा पसरा रहा।

गौरतलब है कि रविवार से नौ दिनों के लिए नौतपा शुरू हो गए हैं। ऐसी मान्यता है कि नौतपा के दौरान प्रचंड गर्मी पडती है। रविवार से शुरू हुए नौतपा के पहले दिन सूर्यदेव ने अपना प्रचंड दिखाया। दोपहर 12 बजते ही पारा 44 पार हो गया। इसके बाद करीब तीन बजे पारा 46 डिग्री पहुंच गया। इस प्रचंड गर्मी से सारा दिन सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जिन लोगों को बहुत जरूरी काम हुआ वहीं लोग सिर पर तौलिया बांधकर निकले। धूप में भी ऐसे लोगों का बुरा हाल हो गया। वहीं सीएचसी के अधीक्षक डा.अखिलेश का कहना था कि इस प्रचंड गर्मी और धूप से बचें। कहा कि बहुत जरूरी हो तो ही घर से निकले। घर से निकलने से पहले छाता या सिर पर तौलिया बांध कर निकले। इस गर्मी के दौरान पानी खूब पिए।



दोपहर में प्रचंड गर्मी और धूप के दौरान सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

- डॉक्टरों ने दी ज्यादा से ज्यादा पानी की सलाह

## जनमानस के साथ पशु पक्षी भी बेहाल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दिनों दिन बढ़ रहे तापमान ने लोगों के साथ पशु पक्षियों को बेहाल कर दिया है। लोगों को पेयजल के लिए मुख्य रूप से अपने घरों के आसपास हैंडपंप या सबमर्सिबल पंप पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में किसानों के लिए मवेशी बड़ी पूंजी के समान है। ऐसे में मवेशियों का भोजन, पानी, मवेशी को नहलाने, धुलाने में परेशानी बढ़ गई है। बारिश नहीं होने से पशुओं के सामने हरा चारे की समस्या है तो नहरों के सूख जाने से सिंचाई तो दूर, घुमंतू मवेशियों के लिए पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस बढ़ते तापमान में बिजली की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान हैं। पशु-पक्षी भूख-प्यास से व्याकुल होकर रिहायशी इलाकों में आकर तड़प रहे है। जागरूक लोग इन जानवरों और पक्षियों के लिए घर के बाहर और छतों पर पानी दाना रख रहे हैं। उधर गर्मी व धूप के चलते लोग घरों में कैद होने को मजबूर है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों के बाहर निकल रहे है। रविवार को अधिकतम 43 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में एक दो डिग्री और तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।



धूप से बचने के लिए पीपल के पेड़ के नीचे बैठे अन्ना गोवंश।

## नकली किन्नरों ने असली किन्नर टीम को पीटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मझगवां थाने के जराखर गांव में एक कार्यक्रम में फर्जी किन्नर बने युवकों ने असली किन्नर पहुंचे और विरोध किया तो फर्जी किन्नर ने अपने दर्जन भर साथियों के साथ मिलकर असली किन्नर टीम के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित किन्नर टीम ने युवकों पर 25 हजार रुपये व जेवरात लूटने का आरोप लगाते हुए मझगवां थाने में तहरीर दी है।

कस्बे के कोट बाजार मोहल्ला निवासी हाजी अफसाना किन्नर ने मझगवां थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह उसकी टीम जराखर गांव में एक बधाई कार्यक्रम में जा रहे थे। इसके पहले जरिया थाने के जमखुरी गांव निवासी एक व्यक्ति फर्जी किन्नर बनकर कार्यक्रम में इनाम मांग रहा था। जब उनकी टीम की सदस्य साहिबा, सीमा, सुमन, आसरा व सलमा पहुंची तो फर्जी किन्नर बने युवक ने उन लोगों के साथ गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपी ने अपने एक दर्जन साथियों को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाते हुए कहा कि मारपीट के दौरान आरोपी दबंगों ने तमंचे के बल पर साहिबा किन्नर का सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी व सोने की चैन के अलावा 25 हजार रुपयों से भरा बैग भी लूट लिया। कि इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि प्रकरण को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



जानकारी देते किन्नर हाजी अफसाना।

# ट्रांसफार्मर खराब होने से आधे कस्बे में छाया रहा घुप अंधेरा

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शनिवार की शाम कस्बे के मुख्य बाजार में सगीर खान के पास लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से आधे कस्बे में अंधेरा छा गया। मोहल्ले के लोगों को जहां इस भीषण गर्मी में जाग कर रात गुजरनी पड़ी, वहीं पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया।

शनिवार शाम को मुख्य बाजार सगीर खान की चक्की के पास लगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से आधे कस्बे में अंधेरा छा गया। कस्बे के चार थोक, छह थोक, पुरवा मोहल्ला सहित आधे कस्बे में इसी ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से विद्युत आपूर्ति धड़ाम हो गई जिसके चलते शाम व सुबह की पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई। एक ओर लोग भीषण गर्मी से बिलबिला उठे, तो दूसरी ओर पीने के पानी की किल्लत हो गई। सुबह से ही हैंडपंपों में लोगों की भीड़ लग गई। कस्बे की शुक्लाना मोहल्ला निवासी दशरथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि उनके मोहल्ले में मात्र एक ही मीठे पानी का हैंडपंप है। जिसमें रविवार सुबह से ही पूरे मोहल्ले की भीड़ जमा हो गई। बामुश्किल पीने का पानी मिल सका। बताया कि पूरी रात उन्होंने छत पर टहलते हुए बिताई। कहा कि एक ओर भीषण गर्मी तो दूसरी ओर मच्छरों का प्रकोप कस्बे में जारी है। तो वहीं पुरवा मोहल्ला निवासी बलराम नेता जी ने कहा कि शनिवार शाम से ही लाइट न आने के कारण भीषण गर्मी से लोग बिलबिला उठे और पूरी रात लोग अपनी-अपनी छतों पर बैठकर रात काटने को मजबूर रहे। कहा कि विद्युत सप्लाई न मिलने से पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं विद्युत विभाग के अवर अभियंता वैष्णव कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर की खराब हो जाने के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। कहा कि मरम्मत कार्य जारी है, जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।



मुस्करा में हैंडपंप पर पानी भरने के लिए लगी भीड़। अमृत विचार

- बिजली आपूर्ति बाधित होने से पेयजल संकट भी गहराया

## पॉवर कॉरपोरेशन ने शुरू किया विद्युत केबल बदलने का काम

**खबर का असर**

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और ओवरलोड के चलते तार रहे बिजली के तार और आग लगने की घटनाओं को पावर कारपोरेशन के अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। दो दिन पहले ओवरलोडिंग से जल रही केबिलों के संबंध में अमृत विचार ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। रविवार को पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बिजली की केबल बदलवाने का काम शुरू करा दिया।

गौरतलब है कि मई माह के आखिरी सप्ताह में भीषण गर्मी पड रही है। अधिकांश घरों के एसी चलने से लोड बढ़ गया है। जिसके चलते बिजली की लाइनें कही टूट कर गिर रही हैं तो कहीं आग से जल रहीं थी। शुक्रवार को कस्बे के स्टेट बैंक तिराहे से कोटबाजार जाने वाले मुख्य मार्ग पर शाम को अचानक केबिल में आग लग गई थी। वहीं इसके पहले इसी मार्ग पर झूलती हुई बिजली की केबल समाचार प्रकाशित हुआ था। अमृत विचार में छपी खबर को संज्ञान में लेकर पावर कारपोरेशन के अधिकारियों ने केबल बदलने का काम रविवार को शुरू करा दिया। शाम तक कोटबाजार जाने वाली मार्ग की केबिल बदल दी गई थी। इस संबंध में अवर अभियंता वीके पांडेय ने बताया कि जहां पर समस्या आ रही है केबल बदलने का काम शुरू हो गया है।



कोट बाजार मार्ग पर केबल बदलते कर्मी।

- कोट बाजार मार्ग पर शुक्रवार को आग से जल गई थी केबल

# नाला निर्माण में तीसरी बार पाइप लाइन टूटी, गहराया पेयजल संकट

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा में कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे हो रहे नाला निर्माण में तीसरी बार पाइपलाइन टूट जाने भीषण गर्मी में लोगों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। वार्ड वासियों ने चेयरमैन से पेयजल किल्लत की शिकायत की है।

कस्बे के आर्यावर्त बैंक के पास कालपी हमीरपुर हाईवे के किनारे हो रहे नव निर्माण नाला निर्माण में शनिवार की शाम तीसरी बार जेसीबी से खुदाई करते समय जल संस्थान की पाइपलाइन टूट जाने से कस्बा के वार्ड नंबर 9, 3, 4 वार्डों की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम हो जाने से कस्बा वासियों को दूसरे वार्डों में लगे हैंडपंप से पानी भरने के लिए विवश होना पड़ रहा है। वार्ड 9 के रामकिशुन प्रजापति, डॉ.बलवान सिंह गौर आदि का कहना है कि नाला निर्माण कार्य होने के दौरान तीसरी बार पाइप लाइन टूटने से वार्ड में पानी की किल्लत पैदा हो रही है वही भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोगों को दूसरे वार्ड में लगे हैंडपंप से पानी भरने को विवश होना पड़ रहा है। जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र प्रसाद यादव का कहना है कि पाइपलाइन टूट जाने की सूचना मिली थी जिसे कर्मियों द्वारा बनाया जा रहा है शीघ्र ही आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।



कुरारा कस्बे में हाईवे किनारे टूटी पड़ी पाइप लाइन। अमृत विचार

- लोगों ने चेयरमैन से की पानी के संकट की शिकायत

### नमामि गंगे योजना: एक हफ्ते में आपूर्ति का भरोसा

हमीरपुर। विकासखंड सरीला के जलालपुर गांव में पेयजल समस्या संबंधी प्रकाशित खबर को लेकर रविवार को एडीएम नमामि गंगे व डीपीआरओ ने मौके पर हालात देखे। मौके पर नमामि गंगे योजना से डाली गई पाइप लाइनों में अभी तक पानी नहीं छोड़ना पाया। वहीं गांव में लगे करीब 100 हैंडपंप चलते पाए गए। इस मामले में अधिकारियों ने वीडियो वायरल कर पानी की समस्या से इंकार किया है। डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी ने पानी की समस्या संबंधी खबर का संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर एडीएम (नमामि गंगे) सुरेश कुमार व उन्होंने जलालपुर जाकर जानकारी ली। उनके साथ सचिव व प्रधान भी मौजूद रहे। निष्कर्ष आया कि यहां करीब 100 इंडिया मार्क 2 हैंडपंप पूर्ण क्षमता के साथ पानी दे रहे हैं। टैंकर भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहता है। ग्रामीणों को पेयजल की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने 10 हैंडपंप चलवा कर देखे।

# रंजिश में पूरे परिवार को जिंदा जलाने की कोशिश

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम पचखुरा बुजुर्ग में पुरानी रंजिश के तहत पूरे परिवार को आग के हवाले करने के उद्देश्य से पिता, पुत्र ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर मकान के बाहर की कुंडी बंद करके आग लगा दी। पड़ोसियों के शोर मचाने के बाद परिवार की जान बच सकी। ग्रामीणों ने एकत्र होकर आग पर काबू पाया। आग से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

पचखुरा बुजुर्ग निवासी राजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गांव निवासी संतोष सिंह एवं उसका पुत्र सत्यम सिंह उससे रंजिश रखते हैं। बीती रात ढाई बजे संतोष सिंह, सत्यम सिंह ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर मकान के बाहर की कुंडी बंद करके आग लगा दी। आग लगाकर भागते समय छत पर मौजूद पड़ोसी अजीत सिंह एवं दिलीप सिंह ने तीनों को देखा और शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर वह घर के बाहर आया और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। रात में ही घटना से डायल 112 को अवगत कराया था डायल 112 ने गांव पहुंचकर घटना को देखा और ग्रामीणों से पूछताछ के बाद सुबह थाने में तहरीर देने की बात कही। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस घटना से परिवार में दहशत व्याप्त है।

- ग्रामीणों के जग जाने से बची परिवार की जान

## आग से दुकान, गृहस्थी खाक, युवक झुलसा

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव में शनिवार की शाम मोमोज बनाते समय दुकान में आग लग गई। इससे दुकान के साथ ही घर गृहस्थी का सामान जल गया। वहीं आग बुझाते समय गृह स्वामी का पुत्र झुलस गया है। गांव छिरका निवासी आशादीन पुत्र कालीचरन की घर पर ही परचून की दुकान है। वह मामोज भी बनाता है। आशादीन ने बताया है कि शनिवार की शाम दुकान में अचानक आग लग गई। जिससे दुकान व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जिससे 50 हजार रुपये से अधिक की छति हुई है। इस अग्निकांड में उसका पुत्र भी बुरी तरह से झुलज गया है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। राजस्व निरीक्षक सीताराम ने मौके पर पहुंच नुक़सान का जायजा लिया है। ग्राम प्रधान मुकेश प्रजापति ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए ढांढस बंधाया है।

# सपाइयों की सूचना पर रात में खंगाले गए संदिग्ध

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा में लगे अर्धसैनिक बल के जवान पूरी मुस्तैद है लेकिन सपाइयों को मंडी के पीछे बस्ती से ईवीएम हैक करने की शंका होने पर रात में ही प्रत्याशी को सूचित किया। प्रत्याशी की सूचना पर प्रशासन ने रात में ही संदिग्धों को खोजने का प्रयास किया लेकिन कुछ खास हाथ नहीं लगा।

शनिवार की रात सपाइयों को किसी ने सूचना दे दी कि मंडी के बाउंड्रीवाल के पीछे आबाद बस्ती में एक मकान में आधा दर्जन युवक कंप्यूटर व लैपटॉप से ईवीएम को हैक कर रहे हैं। इससे सपाइयों में खलबली मच गई। सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने घटनाक्रम से प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह लोधी को अवगत कराया। प्रत्याशी ने रात में ही प्रशासन को अवगत कराया। अधिकारियों के निर्देश पर रात में ही एलआईयू के साथ पुलिस को सक्रिय किया गया। पुलिस एवं एलआईयू ने रात में ही गल्ला मंडी के पीछे की बस्ती को खंगाला। लेकिन कोई भी संदिग्ध हाथ नहीं लगा है। पुलिस ने सपाइयों को अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए आगाह किया। इसके बाद भी सपाई सशंकित है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है, जबकि प्रशासन ने स्ट्रांगरूमों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि यह सिर्फ अफवाह है। मंडी के चारों तरफ पुलिस एवं सुरक्षा बल लगा हुआ है।

- ईवीएम हैक करने की सूचना पर पुलिस एवं एलआईयू सतर्क

## हादसे में घायल युवक को कानपुर किया रेफर

**हमीरपुर।** थाना कुरारा के कुरारा मनकी मार्ग पर सिवनी गांव के निकट मूसानगर की तरफ से बाइक सवार कृष्ण (19) पुत्र रामफल निषाद निवासी नवेणी थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर व आशीष (24) पुत्र मदन शर्मा निवासी थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। थाना कुरारा प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी घटना स्थल पहुंचे। घायलों को सीएचसी कुरारा भेजा। आशीष को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। यहां से पुनः डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है। साथ ही दुर्घटना कर भाग निकले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### डेढ़ दर्जन फर्में कस्बे से कर रही लकड़ी का कारोबार

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड में लकड़ी के कारोबार के लिए सुमेरपुर कस्बा हब बना हुआ है। यहां पर डेढ़ दर्जन फर्में लकड़ी को प्रतिमाह बाहर भेजते हैं। इन फर्मों में फहीम वुड वर्क एंड सप्लायर्स,फैजान उद्योग, गुप्ता वुड कॉरपोरेशन, रहमत टिंबर मार्ट, फरमान टिंबर, बाबा विश्वनाथ ट्रेडर्स, ओम साईं राम वुड सप्लायर्स,एवी इंटरप्राइजेज,एमडी कॉरपोरेशन,रमा शिव ट्रेडर्स, मां भगवती ट्रेडर्स के अलावा कानपुर, रामपुर, मेरठ की आधा दर्जन से ज्यादा फर्में शामिल हैं। मई माह में 25 मई तक एक लाख क्विंटल से अधिक लकड़ी यहां की मंडी समिति के गेट पास से बाहर जा चुकी है। मंडी सचिव नितिन गौतम ने बताया कि बाहर की फर्में बाहर से ही ऑनलाइन गेट पास लेकर कारोबार कर रहे हैं।

### पांच जून को मिलेंगे टीईटी प्रमाणपत्र

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** टीईटी 2021 के प्रमाण पत्र डायट में उपलब्ध हो गए हैं। उनका वितरण 5 जून को किया जाएगा। डायट प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 उच्च माध्यमिक एवं प्राथमिक स्तर की उत्तीर्ण अभ्यार्थी जिन्होंने हमीरपुर जनपद में परीक्षा दी है। उनके प्रमाण पत्र उपलब्ध हो गए हैं। प्रमाण पत्रों का वितरण 5 जून को प्रवेश पत्र एवं फोटो लेकर किया जाएगा।

### आरोग्य मेले में 125 मरीजों ने कराया इलाज

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय सीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 125 मरीजों ने ओपीडी में उपचार कराया। जिसमें डायरिया मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों की लंबी भीड़ रही। आरोग्य मेले में 125 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 25 मरीजों की खून जांच की गई। वही बीपी के 12, शुगर के 5, दो गर्भवती, दो रेफर, 17 मरीज डायरिया व अन्य पेट दर्द, उल्टी, दस्त व बुखार आदि के मरीजों का उपचार किया गया। डॉ .दीपक ने बताया कि बढ़ते गर्मी के प्रकोप के चलते डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने गर्मी से बचाव करने

**सेवा** | विभिन्न व्यापारी आंदोलनों में जान गंवा चुके हैं 14 व्यापारी

# व्यापारियों ने राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** व्यापारियों की हितों की रक्षा के लिए हुए आंदोलनों में जान देने वाले व्यापारियों की याद में उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। इसके पहले जिलाध्यक्ष के क्रांतिकारी पंडित परमानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

रविवार को उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल की अगुवाई में व्यापारियों ने आंदोलनों में जान गंवाने वाले व्यापारियों को याद किया गया। पड़ाव स्थित रानीगेट के पास जान गंवा चुके व्यापारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। केजी अग्रवाल ने बताया कि 26 मई 1979 में लखनऊ के अमीनाबाद में बिक्रीकर विभाग के सर्वे में छापे को बंद कराने को लेकर तत्कालीन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने में पुलिस की गोली से 25 साल के युवक व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की मौत हो गई थी। इसके अलावा विभिन्न व्यापारी आंदोलनों में 14 व्यापारियों की मौत हो चुकी है। तब से व्यापारी 26 मई को व्यापार मंडल शहीद दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। शहीद दिवस पर व्यापारियों राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। इस दौरान काशी प्रसाद गुप्ता, डा.रामगोपाल गुप्ता, रहमत बेग, शिवशरण सोनी, कमलेश साहू, प्रमोद गुप्ता, मनोज आनंद, अमरजीत सिंह अरोरा, आशाराम राजपूत, प्रमोद गुप्ता, मनोज सोनी, देवेंद्र अग्रवाल, मोहम्मद अनवार, शिव प्रकाश गुप्ता दाऊ, कमलेश गुप्ता, जुबैर मिर्जा, राजकुमार, गुडडू समेत अनेक व्यापारी रहे।

- उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने आंदोलनों में जान गंवाने वाले साथियों को दी श्रद्धांजलि
- 26 मई को व्यापार मंडल शहीद दिवस के रूप में मनाता है



लक्ष्मीबाई गेट पर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाते व्यापारी। अमृत विचार

## पीएम आवास का निर्माण रुकने पर पीड़ित ने लगाई गुहार

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के पूर्वी तरौस में पुराने मकानों में पीएम आवास की धनराशि स्वीकृत करा जैसे ही मकान निर्माण कराना चाहा तभी दूसरे पक्ष ने मकान की भूमि को अपना बता निर्माण रुकवा दिया है।

नगर के वार्ड नंबर दो निवासी देवीदीन व बाबूलाल वर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी है कि उनका पुश्तैनी मकान है जो नगर पालिका में दर्ज है। प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करवा रहे हैं। नगर के इकबाल अहमद, मकबूल अहमद व गुलाम अयूब पुत्र फारूक उसे अपना बता रहे हैं। 16 मई को उनके घर पहुंच निर्माण कार्य नगर पालिका से मिलकर बंद करा दिया है। कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# परीक्षा देने गई युवती का अपहरण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** परीक्षा देने कॉलेज गई युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले चार लोगों पर विवाहिता पुत्री को गायब करने का मामला दर्ज कराया है।

कोतवाली मौदहा के ग्राम परछा निवासी गैंगस्टर में नामित जुम्मू ने यह मामला दर्ज कराया है कि 25 मई को उसकी विवाहिता पुत्री अल्फसा मकरांव के डिग्री कॉलेज में बीएससी की परीक्षा देने अपनी स्कूटी से गई थी। दोपहर बाद अचानक अल्फसा का घर में फोन आया तो वह बेहद डरी हुई है। उसने बताया कि गांव का बब्बू उसे जबरन अपने साथ लिए जा रहा है। इसी के साथ अल्फसा का फोन बब्बू ने छीन कर कहा कि वह पुत्री का अपहरण कर उसे ले जा रहा है। उसके साथ गांव के इकराम, भुप्पी व बाबू भी हैं। इतना कहकर आरोपी ने उसकी बेटी का फोन स्विच ऑफ कर लिया। पीड़ित द्वारा अपनी पुत्री की काफी तलाश की गई, लेकिन उसे इसमें सफलता नहीं मिली। वहीं अल्फसा की स्कूटी का भी कहीं पता नहीं चल रहा है। पीड़ित ने आरोपी गणों द्वारा अपनी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना करने के साथ-साथ उसकी हत्या करने की आशंका भी जाहिर की है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी बब्बू, इकराम, भुप्पी व बाबू निवासी परछा पर अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे पिता-पुत्र

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंस्ता निवासी शिवकुमारी पत्नी अल्हू वर्मा ने तहरीर दी है कि 22 मई की दोपहर गांव के मैय्यादीन व उसके बेटे कुंदन ने उसकी बहू गुड्डी पत्नी मुन्ना के साथ गाली गलौज व मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिस पर घटना की जांच पड़ताल कर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन पुलिस द्वारा दबंग पिता पुत्र के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर वह लगातार उसके ऊपर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। अपनी मंशा पूरी न होते देख आरोपी पिता पुत्र ने शनिवार रात उसके दरवाजे पर आ धमके और गाली गलौज करते हुए दरवाजा खोलने को कहा। जब पीड़िता ने दरवाजा नहीं खोला तो दबंग उसके घर की टीन पर चढ़ गए और गाली गलौज करते हुए मामले पर राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से पिता पुत्र पर कार्रवाई करने के मांग की है।

# अभियान चलाकर हटाया जाएगा अतिक्रमण

## जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया कि जिन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी है ऐसे वाहनों पर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर व संकेतांक रिफ्लेक्टर लगाने के साथ ही रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले, नशे की हालत में वाहन चलने वाले व यातायात नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों पर सख्त प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्गों व संबंधित मार्गों पर स्वेत, पीली पट्टी व ब्रेकरों को पेंट करने व आवश्यक स्थलों पर रेडियम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौनी मंदिर के पास स्थित सेतु पर चलने वाले वाहनों से लगने वाले जाम को समाप्त करने के लिए मौनी मंदिर के आस पास स्थित अवैध अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने के निर्देश दिए, साथ ही जोल्हूपुर मोड़ पर अनावश्यक रूप से जाम की स्थिति बनी रहती है, अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड प्रथम सुनील कुमार, सीओ गिरजा संकर त्रिपाठी, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

- नशे में वाहन चालाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई

### एम्बुलेंस, स्कूली वाहनों की जांचें फिटनेस

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मार्गों पर चलने वाले ओवरलोडिंग वाहनों पर प्रभावी रूप से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वाहनों में बालू, मौरंग की विभिन्न मार्गों पर धुलाई की जाती, पानी का दोहन किया जा रहा है साथ ही सड़क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, ऐसे स्थानों पर प्रवर्तन की कार्रवाई कर वाहन मालिक पर भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि हाईवे पर पड़ने वाले ढाबों, होटल पर एप्रोच मार्गों पर पार्किंग नहीं हैं, वाहन सड़क पर खड़े किए जाते हैं ऐसे स्थान पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें, होटलों के सामने अवैध कट किए जाते हैं तो सम्बंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नियत स्थान के अलावा सड़क पर वाहन खड़े न हों, अधिकारी नियमित रूप से भ्रमणशील रहें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने स्कूली वाहनों, एम्बुलेंस व सरकारी विभागों में कार्यरत वाहनों व अन्य वाहनों की फिटनेस की जांच की समीक्षा एवं उनके चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच तथा ड्राइविंग लाइसेंस का परीक्षण नियमित रूप से किया जाए।

# मानक के अनुरूप नहीं मिले काम भड़के डीआरएम, सुधार के निर्देश

संवाददाता, उरई (जालौन)

- डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण
- यात्री प्रतीक्षालय में कम रोशनी पर जताई नाराजगी, गुणवत्तापूर्ण एलईडी लगाने को कहा

**अमृत विचार।** डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा ने उरई स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य का लेआउट देखा और स्टेशन के बाहर की गई इंटरलॉकिग को मानक के अनुसार न पाते हुए उखाड़ने के निर्देश दिए। द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में बिजली की कम रोशनी पर नाराजगी जताते हुए अच्छी क्वालिटी की एलईडी लगाकर रोशनी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन स्टैंड का नक्शा मानक के अनुसार न बताते हुए नए सिरे से नक्शा बनाने को कहा। वाटरबूथ की लोकेशन जनरल कोच के सामने हो, ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि यात्रियों को पानी मिल सके। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में कैमरों के हैंग करने की शिकायत पर कंट्रोल रूम में भी एसी लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर देखा और रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगवाने के निर्देश दिए। प्लेटफार्म नंबर एक पर खुदाई देखकर नाराजगी जाहिर की। निर्माण काम को लेकर मंडलीय अभियंता को हिदायत दी कि काम ऐसा हो कि यात्री यहां आकर खुश हो जाएं। जनता भोजन यात्रियों को तय रेट के मुताबिक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीनियर डीसीएम अमन वर्मा, आरपीएफ कमांडेट विवेकानंद नारायण, सीनियर डीओएम जे संजय कुमार, सीनियर डीईएन सेंट्रल कपिल गोयल आदि मंडलीय अधिकारी भी मौजूद रहे।


पत्रकारों से वार्ता करते डीआरएम दीपक कुमार। अमृत विचार

# तीसरी शादी करने जा रहे पति की रुकवाई शादी, पुलिस ले गई थाने

संवाददाता, उरई (जालौन)

- जालौन के एट थाना क्षेत्र का मामला
- पहले की दोनों पत्नियों से हैं तीन बेटियां

**अमृत विचार।** जालौन के एट थाना कस्बा निवासी जितेंद्र गौतम दो पत्नियों के जिंदा रहते तीसरी शादी रचाने जा रहा था। बारात वाले दिन पहुंची दोनों पत्नियों ने ब्याह में खलल डाल दिया। पत्नियों की शिकायत पर पुलिस पति को थाने ले गई।

एट थाना के कस्बा निवासी जितेंद्र गौतम की वर्ष 2014 में हिंदू रीत रिवाज से पहली शादी हुई थी इसके बाद 2021 में हमीरपुर की पूजा नाम की लड़की से अपने को अविविवाहित बता कर उरई में रहने वाली अपनी बहन के घर से दूसरी शादी रचा ली। दूसरी पत्नी पूजा ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि पति जितेंद्र की पहले शादी हो चुकी है, जब उसने ऐतराज किया तो जितेंद्र ने उरई में रहने वाली बहन के साथ मिलकर दवाब बनाया, तब पूजा के मायके वालों और ससुरली जनों की बीच पंचायत हुई। पंचायत के लोगों के कहने पर पूजा ने समझौता कर लिया और दोनों पत्नियां साथ-साथ रहने लगीं। इसी बीच पहली पत्नी से दो लड़कियां पैदा हुईं। आरोप है कि इसके बाद जितेंद्र व परिजनों ने पहली पत्नी पर जोर जबरदस्ती कर यातनाएं देना शुरू कर दिया, तब पहली पत्नी ससुराल छोड़ कर मायके चली गई। दूसरी पत्नी पूजा ने बताया कि समझौता होने के बाद वह गर्भवती हो गई। पति जितेंद्र और उरई में रह रही उसकी बहन ने डिलेवरी के लिए 16 फरवरी को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। पूजा के बच्ची पैदा होने पर पति जितेंद्र और उसकी बहन पूजा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती छोड़ कर चले गए। जीतेंद्र की पत्नियों ने बताया कि रविवार को वह उरई स्थित बहन के घर से तीसरी शादी करने के लिए बारात लेकर जाना था लेकिन उन्हें पता चल गया और वह दोनों उरई पहुंचीं और डायल 112 को सूचना दी, जिसपर पुलिस जितेंद्र को हिरासत में लेकर थाने ले आई है।

### बेटे की चाहत में रचाने जा रहा था ब्याह

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बेटे की चाहत में जितेंद्र ने पहली पत्नी से दो लड़कियां होने पर दूसरी शादी की, और दूसरी पत्नी पूजा से मेडिकल कालेज उरई में बच्ची पैदा हुई इसी लिए भर्ती अवस्था में छोड़ कर पति जितेंद्र चला गया। तीसरी शादी करने जा रहे जितेंद्र की पिछली दोनो पत्नियों ने एक राय होकर पति को जेल भेजने और जितेंद्र से पैदा हुई बच्चियों के परवरिश और शादी विवाह के लिए पति जितेंद्र से धनराशि दिलवाने की मांग पुलिस से की है।


बेरी वाले बाबा की दरगाह। अमृत विचार

# बेरी वाले बाबा का उर्स एक जून से, तैयारियां हुईं शुरू

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** शहर के रेलवे स्टेशन से राठ रोड पर माल गोदाम के पास स्थित हजरत गाजी मंसूर अली शाह बेरी वाले बाबा की दरगाह पर 84वां 2 रोजा उर्स 1 से शुरू होगा। उर्स की तैयारियां चल रही हैं। कमेटी के चीफ कंट्रोलर एवं दारुल उलूम गरीब नबाज मदरसा के प्रबंधक ने अब्दुल जब्बार हाफिज ने बताया कि बेरी वाले बाबा के दो रोजा उर्स कमेटी के सहयोग से हर वर्ष 1 व 2 जून को आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि उर्स की शोभा बढ़ाने के लिए देश के मशहूर कव्वाल युसुफ शोला मुम्बई, गुलाम बारिश दिल्ली, गीता सिंह चिश्ती दिल्ली, चांद कादरी शिरकत करेंगे। कमेटी के उपाध्यक्ष अकील अहमद, व्यवस्था कमेटी अध्यक्ष फिरोज खान, मंत्री जुवैर खान, कोषाध्यक्ष रिजवान खान, संचालक पप्पू थापा, कार्यकारिणी अध्यक्ष मौलाना इमरान फैजी, महामंत्री पप्पू पठान, व्यवस्था नजम हासमी, व्यवस्था कमेटी अध्यक्ष छोटू शाह जबकि संयोजक के रूप में कैलाश प्रजापति, हफीज खां (भूरे) प्रोपर्टी डीलर का सहयोग मिल रहा है।

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** एक युवक को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी करके तमंचे तथा कारतूस सहित गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह सिपहियों अजय सिंह चौहान, निखिल कुमार के साथ देर रात गश्त कर रहे थे। तभी ग्राम कुरहना आलमगीर की पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने कुरहना बंबी के पास आरोपी युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी युवक दिनेश सिंह पुत्र स्व. भगवान सिंह निवासी ग्राम कुरहना आलमगीर के पास से एक अदद अवैध 315 बोर तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिये। उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह ने आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करके आरोपी युवक को जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि युवक रात में अपराधिक घटना करने के उद्देश्य से घूम रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया।


बैठक करते माकपा माले के पदाधिकारी। अमृत विचार

# माकपा माले ने किया इंडिया गठबंधन की जीत का दावा

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** भाकपा माले जिला कमेटी की बैठक मोहल्ला बघौरा उरई पुलिस लाइन के पास संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने गठबंधन को भारी बहुमत और भारी वोट देने के लिए जनता का क्रांतिकारी अभिवादन किया साथ ही दावा किया की गठबंधन प्रत्याशी भारी मतों से जीतेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामपाल मौर्य की पत्नी सरस्वती देवी के मकान के सामने विधायक निधि से अनैतिक रूप से अतिक्रमण कार्य किया जा रहा है जो शासन प्रशासन को संज्ञान होने पर भी रोका नहीं जा रहा है इसलिए उनके द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा, कामरेड राम सिंह चौधरी कामरेड मुन्ना यादव, कॉमरेड हरीशंकर, नरेंद्र उपस्थित थे।

# दो दिन बाद मिला नहर में डूबे युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** मूंगिया समूह के मजदूर पीपरी ग्राम में डेरा डाले हुए हैं जो चूड़ी कंगन बेंचकर अपना पेट पालते हैं। घटना शुक्रवार की है। जब मजदूर पीपरी नहर के किनारे रुके हुए थे और खाना बना रहे थे तभी उनका साथी 40 वर्षीय खो सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी डुडी कुदरी थाना एरच जिला झांसी नहाने के लिए चला गया और पैर फिसलने से वह नहर में जा गिरा। काफी देर तक स्थानीय लोगों के द्वारा उसे ढूंढने का प्रयास किया गया और पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश शुरू कर दी। सूचना पाते ही तहसीलदार वीरेन्द्र गुप्ता मौके पर पहुंच गए और उन्होंने नहर में जाल डलवाकर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। घण्टों तक गोताखोर डूबे हुए व्यक्ति की तलाश नहीं कर पाए तब अगले दिन शनिवार को एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने मृतक के शव को नहर के गहरे पानी से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना के बाद परिजनों का बुरा हाल है।


नहर में शव की तलाश करती टीम।

# 'जोल्हूपुर-मदारीपुर मार्ग का शीघ्र करवाएंगे सुदृढ़ीकरण'

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि शासन के द्वारा स्वीकृत स्टेट हाईवे जोल्हूपुर मदारीपुर सड़क के अधूरे पड़े 27 किमी. सुदृणीकरण कार्य को जल्द पूरा करने की पहल की जाएगी।

नगर के एक विद्यालय में लोगों को जानकारी देते हुए विधायक ने कहा कि कालपी तहसील क्षेत्र की कई सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिली हुई है, लेकिन कतिपय कारणों की वजह से कार्य रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि कालपी-मदारीपुर मार्ग के मार्ग के सुदृढ़ीकरण का मुद्दा उठाकर विभाग को अवगत कराया गया था। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने शासकीय पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि राठ कालपी मदारीपुर स्टेट हाईवे मार्ग की कुल लंबाई 94.275 किमी. है, जिसमें से प्रारंभिक के 29 किमी. लंबाई जनपद हमीरपुर के अंतर्गत तथा शेष 65 किमी. लंबाई जिला जालौन के अंतर्गत आता है। विधायक ने बताया कि जिला जालौन में प्रारंभिक लंबाई में कहटा में 24.765 किमी. की लंबाई में सीसी एवं इंटरलॉकिंग मार्ग पहले से ही निर्मित है तथा अवशेष 40 किमी. लंबाई में से 12.70 किमी. में से जोल्हूपुर मोड़ महेवा की ओर 12.70 किमी. में सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा चुका है। कबीना मंत्री ने जोल्हूपुर मोड़ मदारीपुर मार्ग की 27.34 किमी. सुदृढ़ीकरण के कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता का हवाला दिया है। विधायक ने कहा कि सुदृढ़ीकरण का अवशेष कार्य जल्द ही गतिशीलता से कराया जाएगा।


जानकारी देते विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

### निर्माणाधीन ओवरब्रिज से दो सड़कों का काम अटका

जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य होने की वजह से कदौरा ब्लाक की स्वीकृत दो सड़कों का निर्माण कार्य लटका हुआ है। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि इटौरा-आटा तथा आटा-अकौढ़ी मार्ग के निर्माण के लिए शासन से बजट आवंटित हो चुका है। उन्होंने बताया कि जोल्हूपुर मोड़ में रेलवे क्रॉसिंग में ओवरब्रिज का निर्माण का धीमी गति से होने तथा जोल्हूपुर-हमीरपुर मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगी है। मौरंग लदे वाहनों को डायवर्ट करके आटा-इटौरा मार्ग से निकाला जा रहा है। ऐसी स्थिति में स्वीकृत मार्ग का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होते ही आटा-इटौरा तथा अकौढ़ी मार्ग का जल्द निर्माण कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप


रोड किनारे डाली गई मौरंग व गिट्टी। अमृत विचार

### एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

**माधौगढ़ (जालौन)।** रोड किनारे बिल्डिंग मटेरियल का सामान फैलाये अतिक्रमणकारियों को एसडीएम ने अल्टीमेटम देते हुए अपनी सीमा के अंदर रहने के आदेश दिए थे लेकिन अतिक्रमणकारी आदेश को दरकिनार करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रशासन के इस फरमान का दुकानदारों पर कोई असर नहीं हुआ है। रास्ते में गिट्ट, बालू डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। अतिक्रमण के चलते वाहनों के आवागमन में खासी कठिनाई हो रही है।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज पर दो लाख का जुर्माना

**उरई।** मानक को दरकिनार कर चल रहे राजकीय मेडिकल कालेज पर नेशनल मेडिकल काउंसिल ने 2 दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की उदासीनता से राजकीय मेडिकल कालेज में अभी तक निर्धारित फैकल्टी (संकाय) संचालित नहीं हो सका है। जुर्माने की धनराशि अदा करने और जुलाई 2024 तक बंद फैकल्टी को शुरू करने के निर्देश दिए है। साथ ही जुर्माना जमा नहीं कराने तथा जुलाई तक फैकल्टी शुरू नहीं करने पर मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी है।


राजकीय मेडिकल कॉलेज।

### सूरत से भागे प्रेमी जोड़े को जालौन से पकड़ा

**उरई।** सूरत (गुजरात) से भाग कर जालौन आए प्रेमी जोड़े को गुजरात पुलिस ने कोतवाली कस्बे के देवनगर चौराहे में पकड़ लिया। दोनों 23 मार्च को गुजरात से भाग कर यूपी आ गए थे। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी लड़की के पिता ने बताया कि वह सूरत में मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था तभी आगरा के ही रहने वाले एक युवक से पहचान हो गई और युवक का घर जाना शुरू हो गया। इसी बीच लड़की और युवक के बीच प्यार हो गया। दोनों 23 मार्च 2024 को भाग आए। इस पर पिता ने सूरत के पांडेसा थाने में बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जांच महिला एसआई नीपा पुरानी को सौंपा गई। महिला एसआई नीपा ने शनिवार को संदिग्ध जोड़े को जालौन कस्बे के देव नगर चौराहे में पकड़ लिया तथा जालौन कोतवाली लेकर पहुंचीं। लड़की के माता-पिता और भाई को बुलाकर सामना करवाया। लेकिन लड़की बालिग लड़की ने पिता के साथ जाने से मना कर दिया और लड़के के साथ शादी कर लेने की बात कही। समाचार लिखे जाने तक लड़की प्रेमी के साथ ही जाने की रट लगाए हुए थी।

### चर रही तीन बकरियों को गाड़ी में भरकर ले गए बदमाश

**कालपी(जालौन)।** कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम नादई के पास खेतों में चर रही तीन बकरियों को बदमाश अपनी गाड़ी में भरकर रफूचक्कर कर हो गए। पीड़ित पशुपालक ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज करके कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पशुपालक नन्हे निवासी ग्राम बड़ी नादई ने न्यामतपुर चौकी में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी अपने पुत्र अरविंद के साथ न्यामतपुर रोड में सड़क के किनारे बकरियां चरा रहा था। तभी एक कार में बदमाश आए तीन बकरियों को गाड़ी में भरकर चुराकर ले गए।

**समस्या** गर्मी में परेशान होते रहे उपभोक्ता, पानी की किल्लत से जूझे ग्रामीण

# विद्युत केबल जली, कई मोहल्लों की बिजली गुल

संवाददाता,उरई (जालौन)

- लाइन में बार-बार फॉल्ट होने के कारण केबल नहीं उठा पा रही लोड

**अमृत विचार।** गर्मी का तापमान जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे बिजली की व्यवस्था खराब होती जा रही है। आये विद्युत लाईनें टूट कर गिर रही हैं या अधिक लोड पड़ने के कारण विद्युत लाइनों में आग लग रही है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने की वजह से पेयजल संकट भी पैदा होता जा रहा है। बीते दिन शहर के मोहल्ला हजारीपुरा में विद्युत पोल की केबल में रात के समय आग लग गई। आग की चपेट में आने से विद्युत केबल कई टुकडों में जलकर सड़क पर जा गिरी। विद्युत केबल जलने से लोग पीने के पानी के लिए तरसते रहे। वहीं लोग दोपहर भर बिलबिलाते रहे। मोहल्ले के रहने वाले रंजीत यादव, सत्यम सिंह, शिवम सिंह, बलवीर सिंह, मुकुल आदि ने बताया कि लगभग 15 दिनों से आये दिन विद्युत केबल में आग लग रही है जिसकी वजह से केबल कई टुकड़ों में बंट गयी हैं लोड लेने के लायक नहीं बची है। उक्त लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जर्जर केबल बदलवाने की मांग उठाई है।


विद्युत केबल को जोड़ता विद्युत कर्मी।


आग बुझाते दमकल कर्मी व ग्रामीण। अमृत विचार

### आग से झोपड़ी, कच्चा मकान जला

**कालपी (जालौन)।** कालपी तहसील क्षेत्र में यमुना नदी के तटवर्ती दो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं हो गईं। आग बुझाने के लिये उरई तथा कालपी की दमकल वाहन को ले जाकर कर्मियों को मेहनत करनी पड़ी। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ग्राम मैनूपुर गांव के बाहर स्थित अरविन्द कुमार पुत्र मंगली की झोपड़ी में रखे भूसे में आग सुलगने लगी। धीरे-धीरे आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र कालपी से दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव किया। इसी तरह शनिवार सुबह यमुना नदी किनारे बसे ग्राम हीरापुर में अनुराग पुत्र रघुराज के कच्चे घर में आग लग गई। इस दौरान विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, चालक विनोद कुमार नायक फायरमैन अमृतलाल फायरमैन रवि प्रकाश शर्मा फायरमैन शिवकुमार फायरमैन गोविंद सिंह, फायरमैन रणधीर सिंह फायरमैन मानवेंद्र सिंह शामिल रहे।

# मिक्स मार्शल आर्ट में राजा चौधरी ने जीता गोल्ड

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जालौन जिले के कालपी तहसील के छोटे से गांव काशी खेरा के रहने वाले राजा चौधरी ने मिक्स मार्शल आर्ट में गोल्ड मैडल जीतकर गांव के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। रविवार को उरई शहर आगमन पर समाजसेवियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। कालपी तहसील के काशीखेरा निवासी बृज भूषण के पुत्र राजा चौधरी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में 8 मई से लेकर 12 मई तक आयोजित नेशनल मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के 61.2 किलोग्राम वेट कैटेगरी में अपने प्रतिद्वंदी तमिलनाडू प्रांत के मानव सिंह को हराकर गोल्ड मैडल हासिल किया है। रविवार को शहर आगमन पर समाजसेवी रमाकांत दोहरे व कमल दोहरे ने उनका फूल मालाओं से लादकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान गौरव, मनीष, अर्जुन, हर्षित, नवनीत आदि मौजूद रहे।


राजा का स्वागत करते समाजसेवी। अमृत विचार

